दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO.RAJHIN /2013/52026

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 13 | अंक : 209 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00

टोंक। शनिवार, 07 मार्च 2026 । चैत्र, कृष्ण पक्ष चतुर्थी, संवत्-2082

भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

## नीतीश 10-14 मार्च के बीच इस्तीफा दे सकते हैं

### बेटे निशांत 8 को जेडीयू जॉइन करेंगे, सीएम हाउस में बैठक के बाद रो पड़े विधायक



बढ़ता राजस्थान

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 से 14 मार्च के बीच इस्तीफा दे सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक उनके राज्यसभा में नामांकन भरने के बाद नए सीएम को लेकर भाजपा और जेडीयू के बीच चर्चा जारी है। इधर सीएम हाउस में मुख्यमंत्री की जेडीयू विधायकों और मंत्रियों के साथ बैठक खत्म हो गई है। बताया जा रहा है कि बैठक में मौजूद कई विधायकों ने मुख्यमंत्री के राज्यसभा जाने के फैसले का विरोध किया है। इस पर सीएम ने कहा- विरोध मत करिए मैं राज्यसभा जा रहा हूं। मैं वहां से सब देखता रहूंगा। बैठक में मौजूद विधायक विनय चौधरी ने बताया कि मीटिंग के दौरान नीतीश भावुक हो गए। विधायक उन्हें देखकर रोने लगे। सभी एक स्वर में उनसे फैसला वापस लेने को कहने लगे। मुख्यमंत्री ने विधायकों से कहा, अब छोड़ दीजिए। मुझे जाने दीजिए। नीतीश राज्यसभा जाने पर ही अड़े रहे। इसके बाद निशांत को राजनीति में लाने के पर सभी विधायकों ने हाथ उठाकर अपनी सहमति जताई। मीटिंग के नेताओं ने कहा कि 8 मार्च को निशांत कुमार जेडीयू जॉइन करेंगे।

## चारधाम यात्रा 2026- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

### वॉट्सएप से कर सकते हैं आवेदन, 9 स्टेप में पूरा प्रोसेस; 19 अप्रैल से शुरू होगी यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**देहरादून ( एजेंसी )।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 2026 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रोसेस शुरू हो गया है। अब श्रद्धालु घर बैठे मोबाइल, कंप्यूटर, मोबाइल एप या वॉट्सएप के जरिए भी यात्रा के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रखा गया है, ताकि प्रशासन यात्रियों की संख्या, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को बेहतर तरीके से संभाल सके।

इस साल चारधाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल से हो रही है। परंपरा के अनुसार इसी दिन यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। इसके बाद 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे।

फिलहाल सरकार ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू किया है, जबकि ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 17 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। यात्रा शुरू होने से पहले हरिद्वार, ऋषिकेश समेत कई प्रमुख स्थानों पर बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन काउंटर लगाए जाएंगे, ताकि जिन श्रद्धालुओं के पास इंटरनेट की सुविधा नहीं है वे भी आसानी से पंजीकरण करा सकें।

## रायसीना डायलॉग, ईरानी उप-विदेश मंत्री बोले- आखिरी गोली तक लड़ेंगे

### ट्रम्प न्यूयॉर्क का मेयर नियुक्त नहीं कर सकते, हमारा लीडर क्या खाक तय करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में चल रहे रायसीना डायलॉग 2026 में शुक्रवार को ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा- तेहरान के पास अमेरिकी-इजराइली हमले के खिलाफ देश की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़ने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। हमने कसम खाई है कि देश आखिरी गोली और आखिरी सैनिक तक विरोध करेगा। उन्होंने कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान में नेतृत्व बदलने की बात करते हैं, जबकि वे अपने ही देश में न्यूयॉर्क के मेयर तक नियुक्त नहीं कर सकते। यह एक तरह का औपनिवेशिक नजरिया है। वे अपने देश में लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन ईरान की लोकतांत्रिक सरकार को गिराना चाहते हैं।

न्यूज एजेंसी से चर्चा के दौरान खतीबजादेह ने कहा- ईरान इस समय पूरी तरह से युद्ध की स्थिति से गुजर रहा है। जब हम बात कर रहे हैं, मेरे साथी नागरिकों पर अमेरिका-इजराइल का लगातार हमला हो रहा है। मुझे लगता है कि अभी ईरान के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि वह हमलावर के खिलाफ पूरी तरह से विरोध करे।

#### कुर्द ईरान की पहचान का अहम हिस्सा

अमेरिका के संभावित जमीनी हमले के सवाल पर उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी औपनिवेशिक मिशन को रोकने के लिए तैयार है। अपने देश की राजनीतिक व्यवस्था बदलने की किसी भी कोशिश का विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि ईरान के कुर्द समुदाय को अलगाववाद से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

# ईरान बिना शर्त सरेंडर करे, तभी समझौता : ट्रम्प

## नई बेहतर लीडरशिप चुनी जाएगी, ईरान को दोबारा ग्रेट बनाएंगे





बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान ( एजेंसी )।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का शुक्रवार को सातवां दिन है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ समझौता तभी संभव है जब वह बिना शर्त सरेंडर करे। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इसके बाद ईरान में नई और बेहतर लीडरशिप चुनी जाएगी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर ईरान को आर्थिक रूप से फिर मजबूत बनाने के लिए काम करेगा। ट्रम्प ने अपने पोस्ट में मेक ईरान ग्रेट अगेन का नारा भी दिया और कहा कि भविष्य में ईरान पहले से ज्यादा मजबूत और समृद्ध बन सकता है।

**हिजबुल्लाह ने आधी रात से इजराइल पर 70 रॉकेट दागे**-इजराइल ने दावा किया है कि हिजबुल्लाह ने आधी रात के बाद से उसकी ओर करीब 70 रॉकेट दागे हैं। इजराइली सेना के मुताबिक इनमें से कई रॉकेट दक्षिणी लेबनान से लॉन्च किए गए। इजराइल का दावा है कि इस सप्ताह लेबनान में शुरू किए गए हमलों के बाद उसकी सेना ने पूरे देश में 500 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया है और 70 हिजबुल्लाह लड़ाकों को मार गिराया है। वहीं लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक सोमवार से इजराइली हमलों में अब तक 217 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें कई नागरिक शामिल हैं।

#### इजराइली हमलों से लेबनान से 50 हजार सीरियाई भागे

इजराइल के हमलों के बाद लेबनान से करीब 50 हजार सीरियाई शरणार्थी पलायन कर चुके हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने दी है। पिछले साल सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से हटने से पहले लेबनान में 10 लाख से ज्यादा सीरियाई शरणार्थी रह रहे थे। ये लोग सीरिया के गृहयुद्ध के दौरान अपने देश से भागकर लेबनान पहुंचे थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका मिडिल-ईस्ट के अलग-अलग देशों से अपने हजारों नागरिकों को निकाल रहा है। उन्होंने कहा कि यह निकासी अभियान चुपचाप तरीके से चलाया जा रहा है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग इस ऑपरेशन को अंजाम दे रहा है।

### ईरान जंग से रसोई गैस की किल्लत हो सकती है

### तेल कंपनियों को एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाने का आदेश

## सरकार ने इमरजेंसी पावर इस्तेमाल किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग अगर बढ़ी तो भारत में रसोई गैस की किल्लत बढ़ सकती है। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने ये आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि अब रिफाइनरियां प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी।

#### सिलेंडर की किल्लत रोकने के लिए सरकार का आदेश

सभी कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन की सप्लाई सरकारी तेल कंपनियों को करनी होगी। सरकारी तेल कंपनियों में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम शामिल है। इसका मकसद कंज्यूमर्स को बिना रुकावट गैस सिलेंडर की सप्लाई है।



#### सप्लाई संकट की 2 वजह

1. स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का लगभग बंद होना-भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है।

2. प्लांट पर ड्रोन हमले से एलएनजी का प्रोडक्शन रुका-पिछले हफ्ते अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर स्ट्राइक की थी। इसके जवाब में ईरान ने यूएई, कतर, कुवैत और सऊदी जैसे देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और पोर्ट्स को निशाना बनाया है। ईरान के ड्रोन हमले के बाद भारत को गैस सप्लाई करने वाले सबसे बड़े देश कतर ने अपने एलएनजी प्लांट का प्रोडक्शन रोक दिया है।

# राजस्थान के अनुज अग्निहोत्री ने यूपीएससी सिविल सेवा में लहराया परचम

## बने ऑल इंडिया टॉपर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 के अंतिम परिणाम में राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा निवासी डॉ. अनुज अग्निहोत्री ने ऑल इंडिया में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। अनुज इससे पहले भी यूपीएससी परीक्षा पास कर दिल्ली एवं केंद्र शासित प्रदेश सिविल सेवा में एसडीएम के पद पर नियुक्त हो चुके हैं। डॉ. अनुज ने अपनी सफलता को लगातार मेहनत और धैर्य का परिणाम बताते हुए कहा कि सिविल सेवा परीक्षा एक लंबी प्रक्रिया है, जिसमें कई उतार-चढ़ाव आते हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस बार सफलता नहीं मिलती तो वे अगले प्रयास की तैयारी में जुटे रहते, लेकिन अब लक्ष्य हासिल होने के बाद यह सफर आसान लग रहा है।


पहले प्रयास में मिली थी एसडीएम की जिम्मेदारी-डॉ. अनुज ने वर्ष 2023 में अपने पहले ही प्रयास में यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर दिल्ली एवं केंद्र शासित प्रदेश सिविल सेवा में चयन प्राप्त किया था। इसके बाद उन्हें दिल्ली में एसडीएम पद पर नियुक्ति मिली और उन्होंने दिसंबर 2024 में पदभार संभाला।

दूसरे प्रयास में वे मुख्य परीक्षा पास कर गए थे, लेकिन इंटरव्यू में चयन नहीं हो पाया। तीसरे प्रयास में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश में पहली रैंक हासिल कर ली।

**इंटरव्यू में पूछे गए इतिहास और मेडिकल से जुड़े सवाल**- मेडिकल पृष्ठभूमि होने के कारण इंटरव्यू में उनसे मेडिकल साइंस से जुड़े कई प्रश्न पूछे गए। इसके अलावा राजस्थान के इतिहास से भी सवाल किए गए। अनुज ने बताया कि उनसे मीरा बाई के गुरु और राजस्थान के इतिहास को प्रसिद्ध करने वाले इतिहासकार के बारे में पूछा गया, जिसका उत्तर उन्होंने जेम्स टॉड बताया।

**एम्स जोधपुर से की एमबीबीएस**-डॉ. अनुज अग्निहोत्री ने वर्ष 2023 में एम्स जोधपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। इससे पहले 2017 में एम्स की ऑल इंडिया मेडिकल प्रवेश परीक्षा में उन्होंने 215वीं रैंक प्राप्त की थी। उनकी स्कूली शिक्षा रावतभाटा के परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय से हुई, जहां 12वीं कक्षा में उन्होंने 94 प्रतिशत अंक हासिल किए थे।

## यूपीएसई परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को पीएम मोदी ने दी बधाई, असफल उम्मीदवारों को दिया हौसला



यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित होने के बाद पीएम मोदी ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है। उन्होंने उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की मेहनत, समर्पण और धैर्य की सराहना की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, सिविल सेवा परीक्षा 2025 को सफलतापूर्वक पास करने वाले सभी लोगों को बधाई। उनकी लगन, और कड़ी मेहनत ने उन्हें यह बड़ा मुकाम दिलाया है।

देश की सेवा करने और लोगों की उम्मीदों को पूरा करने के सफर पर उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं। एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने उन अभ्यर्थियों को हौसला दिया, जिन्हें परीक्षा में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षण निश्चित रूप से कठिन हो सकते हैं, लेकिन यह जीवन की बड़ी यात्रा का केवल एक पड़ाव है। पीएम ने पोस्ट में लिखा, जिन लोगों को सिविल सर्विस एग्जाम में मनचाहा रिजल्ट नहीं मिला, मैं समझता हूं कि ऐसे पल मुश्किल हो सकते हैं, हालांकि यह एक बड़े सफर का सिर्फ एक कदम है।

### राजस्थान विधानसभा

# पारित हुआ डिस्टर्ब एरिया बिल

## दंगा-सांप्रदायिक तनाव वाले इलाकों में एडीएम-एसडीएम की मंजूरी बिना प्रॉपर्टी खरीद-बेच नहीं सकेंगे





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में शुक्रवार को बहस के बाद डिस्टर्ब एरिया बिल पारित कर दिया गया। दी राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ ट्रांसफर ऑफ इमूवेबल प्रॉपर्टी एंड प्रोविजन फोर प्रोटेक्शन ऑफ टेनेन्ट्स फ्रॉम एविक्शन फ्रॉम प्रिमाइसेज इन डिस्टर्ब्ड एरियाज बिल, 2026% के प्रावधानों के तहत सरकार दंगा प्रभावित इलाकों को डिस्टर्ब एरिया घोषित कर सकेगी।

डिस्टर्ब एरिया में एडीएम या एसडीएम की मंजूरी के बिना कोई भी प्रॉपर्टी की खरीद और बेचान नहीं हो सकेगा, न रजिस्ट्री हो सकेगी।

एडीएम-एसडीएम की मंजूरी के बिना प्रॉपर्टी खरीद-बेच नहीं सकेंगे बिल के प्रावधानों के अनुसार, दंगा प्रभावित और जनसंख्या असंतुलन से हिंसा के हालात बनने पर एक क्षेत्र, कॉलोनी या वार्ड को डिस्टर्ब एरिया घोषित किया जाएगा। क्षेत्र विशेष को डिस्टर्ब एरिया घोषित किए जाने के बाद वहां एडीएम-एसडीएम की मंजूरी के बिना प्रॉपर्टी की खरीद-बेचान नहीं किया जा सकेगा। बिना अनुमति अगर प्रॉपर्टी का ट्रांसफर हो भी जाता है तो उसे अमान्य कर शून्य घोषित किया जा सकेगा।

समुदाय विशेष की जनसंख्या बढ़ने और डेमोग्राफी प्रभावित होना भी डिस्टर्ब एरिया का आधार बिल में समुदाय विशेष की जनसंख्या बढ़ने और डेमोग्राफी प्रभावित होना भी डिस्टर्ब एरिया घोषित करने का आधार बन सकता है।

डिस्टर्ब एरिया में बाजार दर से कम पर प्रॉपर्टी नहीं बिकेगी ऐसे इलाकों में एडीएम-एसडीएम से मंजूरी मिलने के बाद ही प्रॉपर्टी ट्रांसफर हो सकेगी। डिस्टर्ब एरिया में एडीएम-एसडीएम संबंधित प्रॉपर्टी के बारे में पूरी रिपोर्ट ली जाएगी। अफसर यह सुनिश्चित करेंगे कि बाजार कीमत से कम में प्रॉपर्टी नहीं बिके। किसी दबाव में या स्थानीय लोगों के दबाव में प्रॉपर्टी नहीं बिके यह भी जांच होगी। डिस्टर्ब एरिया में एडीएम-एसडीएम प्रॉपर्टी खरीद-बेचान के आवेदन पर 3 महीने में फैसला करेंगे, इस अवधि को बढ़ाया भी जा सकेगा।

कानूनी प्रावधानों के उल्लंघन पर 3 से 5 साल की सजा, 1 लाख जुर्माना कानून के इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर अपराध गैर जमानती और संज्ञेय होगा, जिसमें 3 साल से 5 साल तक जेल और जुर्माने की सजा होगी। 1 लाख तक जुर्माना भी लगेगा।

बैंकों और वितीय संस्थानों के पास गिरवी प्रॉपर्टी पर लागू नहीं होगा कानून बैंकों और वित्तीय संस्थानों के प्रॉपर्टी गिरवी होने पर यह कानून लागू नहीं होगा। डिस्टर्ब एरिया में गिरवी प्रोपर्टीज को बैंक और एनबीएफसी नीलाम कर सकेंगे।

पटेल ने कहा- दंगे नहीं तो डिस्टर्ब एरिया घोषित नहीं होगा कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- दंगे नहीं होंगे तो डिस्टर्ब एरिया घोषित ही नहीं होगा। प्रॉपर्टी का बाजार मूल्य मिल रहा है या नहीं, बाजार मूल्य से कम नहीं मिले। अफसर यह देखेगा कि प्रॉपर्टी बाजार मूल्य से कम में नहीं मिले। यह कानून कमजोर लोगों की रक्षा करता है।



## सम्पादकीय

# अमेरिका का मुगालता, रूस से तेल खरीद की छूट उदारता नहीं बल्कि मजबूरी



अमेरिकी प्रशासन ने भारत को रूस से एक माह तक तेल खरीदने की जो कथित छूट दी, उससे कुछ ऐसा ध्वनित हो रहा है कि यह तय करने का अधिकार उसने अपने हाथ ले लिया है कि कौन देश किससे, कब तेल खरीद सकता है और कौन नहीं? उसके पास ऐसा कोई अधिकार न था, न है और न हो सकता है, लेकिन यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के बहाने वह लंबे समय से भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव बनाए हुए है। उसने भारत पर रूस से तेल खरीदने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी थोपा, पर भारत ने इसकी परवाह नहीं की। आखिरकार उसने अपने स्तर से ही भारत से अंतरिम व्यापार समझौता पर सहमति बन जाने की घोषणा करते हुए पारस्परिक टैरिफ 25 से 18 प्रतिशत किया और रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ को खत्म किया। वास्तव में वह ऐसा करने के लिए बाध्य हुआ, क्योंकि भारत ने यूरोपीय संघ से सभी व्यापार समझौते की जननी कहे जाने वाला व्यापार समझौता कर उसे यह संदेश दिया कि उसके पास और भी विकल्प हैं। सच यह भी है कि भारत ने रूस से तेल खरीद पूरी तौर पर कभी भी बंद नहीं की। जनवरी और फरवरी माह में भी उसने रूस से तेल खरीदा। इसके अलावा भारत बार-बार यह भी दोहराता रहा है कि वह अपने ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए रूस समेत कहीं से भी तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है। आखिर जब भारत रूस से तेल खरीद ही रहा है तो फिर अमेरिका के यह कहने का क्या मतलब कि वह भारत को उससे 30 दिन के लिए तेल खरीदने की छूट दे रहा है? अमेरिका ने तथाकथित उदारता दिखाते हुए भारत को रूस से तेल खरीदने की जो मंजूरी दी, वह उसकी मजबूरी का ही परिचायक है। वह जानता है कि ईरान से युद्ध के कारण पश्चिम एशिया से तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित हो रही है और उनके दाम भी बढ़ रहे हैं। इससे समूची विश्व अर्थव्यवस्था के समक्ष जो संकट पैदा होगा, उसके दुष्प्रभाव से वह भी नहीं बच पाएगा। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि तेल एवं गैस की आपूर्ति का जो वैश्विक संकट खड़ा हो गया है, उसके लिए मूलतः अमेरिका ही जिम्मेदार है। यदि वह इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला नहीं करता तो होर्मुज जल मार्ग से तेल की आपूर्ति बाधित नहीं होती। यह अमेरिका की जिम्मेदारी है कि वह उक्त जल मार्ग से पश्चिम एशियाई देशों से आने वाले तेल की आपूर्ति की बाधाओं को दूर करे, लेकिन फिलहाल वह इसमें समर्थ नहीं दिख रहा है, क्योंकि ईरान हार मारने को तैयार नहीं। अच्छा हो कि अमेरिका इस मुगालते से बाहर आए कि वह हर मामले में न तो अपनी ही चला सकता है और न ही अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा व्यापार पर एकाधिकार कर सकता है। उसे यह भी आभास हो जाए तो अच्छा कि ईरान वेनेजुएला नहीं है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

- 07 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 2001 - फिजी में अंतरिम सरकार का इस्तीफ़ा।
- 2002 - इस्लामाबाद में दक्षेस सूचना मंत्रियों का सम्मेलन शुरू, सम्मेलन के दौरान पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने पुन: द्विपक्षीय मुद्दे उठाये।
- 2003 - राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो को क्यूबा की संसद ने छठे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति निर्वाचित किया, वे दुनिया के सबसे लम्बे समय तक शासन करने वाले शासनाध्यक्ष हैं।
- 2006 - ईरान के राष्ट्रपति ने देश की परमाणु गतिविधियों पर रोक के लिए संयुक्त राष्ट्र परमाणु एजेंसी से क्षतिपूर्ति की मांग की।
- 2007 - भारत और पाकिस्तान आतंकवाद पर जांच में मदद के लिए तैयार।
- 2008 -
- त्रिपुरा विधान सभा चुनाव में सत्तारूढ़ लेफ़्ट फ्रंट ने लगातार चौथी बार जीत दर्ज की।
- अंतरिक्ष यात्रियों ने मंगल ग्रह पर झील की खोज की।
- 2009- प्रमुख धातु कम्पनी स्टरलाइट इंडस्ट्रीज ने अमेरिका की तीसरी सबसे बड़ी कॉपर उत्पादक कम्पनी एसार्को के अधिग्रहण की घोषणा की।
- 7 मार्च को जन्मे व्यक्ति
- 1955 - अनुपम खेर, भारतीय अभिनेता।
- 1949 - गुलाम नबी आज़ाद - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रसिद्ध और वरिष्ठ राजनीतिज्ञ हैं।
- 1939 - सैयद सिब्ते रज़ी - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ रहे हैं।
- 1934 - नरी कॉन्ट्रैक्टर - भारत के प्रसिद्ध पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी थे।
- 1925 - रवीन्द्र केलकर - कोंकणी साहित्य के सबसे मजबूत स्तंभ थे।
- 1922 - रामप्रसाद शर्मा 'महर्षि' - भारत के प्रसिद्ध कवि थे।
- 1911 - अज्ञेय, सच्चिदानंद हीरानन्द वात्स्यायन, हिन्दी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार
- 7 मार्च को हुए निधन
- 2012 - रवि (संगीतकार) - हिन्दी फ़िल्मों में प्रसिद्ध संगीतकार थे।

## विशेष आलेख

# अन्न से आत्मनिर्भरता तकः विश्व अनाज दिवस का संदेश



सुनील कुमार महला

अनाजों के महत्व, पोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 7 मार्च को विश्व अनाज दिवस (वर्ल्ड सीरियल डे) मनाया जाता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 'सीरियल' शब्द की उत्पत्ति प्राचीन रोमन देवी सेरेस के नाम से हुई है। दरअसल, रोमन पौराणिक कथाओं में सेरेस को खेती, फसल और मातृत्व की देवी माना जाता था और उन्हीं के सम्मान में अनाज को 'सीरियल' कहा जाने लगा। वैसे, गेहूं, चावल, मक्का, जौ और जई जैसे खाद्यान्न सीरियल्स की श्रेणी में आते हैं।

विश्व अनाज दिवस वस्तुतः खाद्य सुरक्षा की नींव को रेखांकित करता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि गेहूं, चावल, मक्का, जौ और बाजरा जैसे अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आधार स्तंभ हैं। उल्लेखनीय है कि आज विश्व की आधी से अधिक आबादी की दैनिक ऊर्जा आवश्यकताएँ मुख्यतः तीन अनाजों-गेहूं, चावल और मक्का से ही पूरी होती हैं। यदि अनाज न हों, तो वैश्विक खाद्य सुरक्षा की कल्पना भी संभव नहीं। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और भूख जैसी चुनौतियों का लगातार सामना कर रही है, तब अनाजों का महत्व और बढ़ जाता है। आज तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा और सूखा जैसी परिस्थितियाँ विशेषकर गेहूं और चावल की पैदावार को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ अपनाना समय की आवश्यकता है। भारत के संदर्भ में देखें तो हमारा देश विश्व के प्रमुख गेहूं और चावल उत्पादक देशों में शामिल है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सस्ती दरों पर अनाज पहुँचाया जाता है। हाल के वर्षों में मोटे अनाज-जैसे बाजरा, ज्वार और रागी आदि को पुनः प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि ये पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ कम पानी में भी उगाए जा सकते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' घोषित किया, जिससे वैश्विक स्तर पर मोटे अनाजों के महत्व को नई पहचान मिली।

विश्व अनाज दिवस का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि अनाजों के पोषण मूल्य, खाद्य अपव्यय रोकने, संतुलित आहार अपनाने और किसानों के परिश्रम के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। वास्तव में यह दिवस कुपोषण और भूख की समस्या को कम करने, टिकाऊ कृषि (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) को बढ़ावा देने तथा खाद्य सुरक्षा में किसानों की भूमिका को रेखांकित करता है। इतिहास की दृष्टि से जौ को दुनिया के सबसे प्राचीन खेती किए गए अनाजों में से एक माना जाता है, जिसके प्रमाण लगभग 10,000 वर्ष पुराने मिलते हैं। इतिहासकारों का मत है कि मिस्र, मेसोपोटामिया और सिंधु घाटी जैसी प्राचीन सभ्यताओं का विकास कृषि, विशेष रूप से अनाज उत्पादन, के कारण ही संभव हुआ। आज बाजरा, ज्वार और रागी जैसे मोटे अनाजों को 'फ्यूचर फूड' कहा जा रहा है। ये प्रायः ग्लूटेन-रहित होते हैं और आयरन व कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से समृद्ध होते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से भी कुछ अनाज अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, 'पेरेनियल ग्रेन्स' (बारहमासी अनाज) ऐसी फसलें हैं जिन्हें हर वर्ष दोबारा बोने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इनकी गहरी जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकती हैं और कार्बन अवशोषण में सहायक होती हैं। पाठक जानते होंगे कि मक्का विश्व में सर्वाधिक उगाई जाने वाली फसल है, किंतु इसका बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष भोजन के बजाय एथेनॉल (ईंधन) और पशु आहार के रूप में प्रयुक्त होता है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व में उत्पादित अनाज का बड़ा भाग भंडारण और परिवहन के दौरान नष्ट हो जाता है। यदि इस अपव्यय को रोका जाए तो करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है। 19वीं सदी के अंत में डॉ. जॉन हार्वे केलॉग ने कॉर्नफ्लेक्स जैसे ब्रेकफास्ट सीरियल का आविष्कार किया था। उनका उद्देश्य इसे सादा और स्वास्थ्यवर्धक भोजन के रूप में प्रस्तुत करना था, ताकि लोग अत्यधिक मसालेदार और गरिष्ठ भोजन से बच सकें। अनाज ऊर्जा, फाइबर, विटामिन और खनिजों का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। विश्व की बड़ी आबादी का मुख्य भोजन अनाज ही है, जिनमें गेहूं और चावल का उपभोग सर्वाधिक होता है। जलवायु परिवर्तन का अनाज उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है, जिससे खाद्य सुरक्षा की चुनौतियाँ और गंभीर हो सकती हैं।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि 'विश्व खाद्य दिवस' प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस 16 अक्टूबर 1945 को स्थापित खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है, जो संयुक्त राष्ट्र की एक विशेषीकृत एजेंसी है। भोजन का अधिकार 1948 की सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणा-पत्र द्वारा मान्यता प्राप्त है। वर्ष 2025 में विश्व खाद्य दिवस की थीम थी-बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य साथ-साथ। भारत में अन्न उत्पादन की स्थिति सुदृढ़ हुई है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दशक में देश का अन्न उत्पादन लगभग 90 मिलियन मीट्रिक टन बढ़ा है। इतना ही नहीं, फल और सब्जियों का उत्पादन भी 64 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक बढ़ा है। भारत दूध और बाजरा (मिलेट्स) के उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान पर है, जबकि मछली, फल और सब्जियों के उत्पादन में दूसरा स्थान रखता है। वर्ष 2014 के बाद से शहद और अंडे का उत्पादन दोगुना हो चुका है।

भारत सरकार की प्रमुख पहलों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013; प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना; पीएम पोषण योजना; अंत्योदय अन्न योजना; राइस फोर्टिफिकेशन तथा प्राइस स्टेबिलाइज़ेशन फंड (पीएसएफ) शामिल हैं, जो खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती हैं। अंततः, विश्व अनाज दिवस हमें यह संदेश देता है कि अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संतुलन की आधारशिला हैं। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या के दौर में इनका संरक्षण, टिकाऊ उत्पादन और खाद्य अपव्यय पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। आइए, हर दाने का सम्मान करें और सुरक्षित, पोषित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण का संकल्प लें।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## आज का राशिफल




### मेष
आज का दिन आपके लिए चुनौतियों और अवसरों का संगम लेकर आया है। काम का दबाव बढ़ सकता है और ऐसा लगेगा जैसे हर जिम्मेदारी आज ही पूरी करनी है। इतना ही नहीं, कुछ लोग जो आपके विरोधी हैं।

### वृष
आज का दिन आपके जीवन में खुशियों की हल्की-हल्की दस्तक देगा। परिवार में किसी नए मेहमान के आने की खबर वातावरण को आनंदमय बना सकती है।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी और नौकरी में बदलाव की सोच रहे लोगों को अच्छा अवसर मिल सकता है। यदि कोई प्रिय वस्तु खो गई थी।

### कर्क
आज आपका व्यक्तित्व और पद-प्रतिष्ठा दोनों मजबूत होंगे। समाज में आपकी छवि बेहतर होगी, लेकिन साझेदारी में नया व्यवसाय शुरू करने से अभी बचें। यदि किसी सरकारी योजना में निवेश का विचार है।

### सिंह
आज का दिन मिश्रित फल देने वाला है। मित्रों के साथ समय बिताने और अच्छे खान-पान का आनंद लेने का अवसर मिलेगा।

### कन्या
आज आपके लिए अचानक लाभ के योग बन रहे हैं। लंबे समय से चली आ रही परेशानी समाप्त हो सकती है। बस अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें और यदि किसी से वादा किया है, तो उसे समय पर पूरा करें।

### तुला
आज आय में वृद्धि के संकेत हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। मौसम का असर स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, इसलिए सावधानी रखें।

### वृश्चिक
आज स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रह सकता है, इसलिए खुद का ध्यान रखें। यदि किसी समस्या को लेकर मन में चिंता थी, तो वह धीरे-धीरे समाप्त होगी। मन की उलझन को सुलझाने के लिए आत्मचिंतन आवश्यक है।

### धनु
आज लेन-देन में विशेष सावधानी बरतें। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी, लेकिन जोखिम उठाने से बचें। विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखें। नई नौकरी का अवसर मिल सकता है।

### मकर
आज पारिवारिक जीवन में संतुलन और सफलता मिलेगी। पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्न करेगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। विद्यार्थी यदि पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाएंगे तो परीक्षा में सफलता निश्चित है।

### कुंभ
आज खर्च सोच-समझकर करें और दिखावे से दूर रहें। संतान के करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। ससुराल पक्ष से धन लाभ संभव है।

### मीन
आज का दिन आपके लिए लाभ और खुशियों का संदेश लेकर आया है। वैवाहिक जीवन में प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा। एक के बाद एक शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

# असली नायिकाएँ कहाँ हैं?

*'नारी सम्मान' के नाम पर पुरस्कारों का बाज़ार। आज ऐसा लगता है मानो हर संस्था, हर मंच और हर संगठन नारी शक्ति सम्मान, वुमन आइकन अवॉर्ड, वुमन लीडरशिप अवॉर्ड, ग्लोबल वुमन एक्सीलेंस अवॉर्ड जैसे भव्य नामों से पुरस्कार बाँटने की होड़ में लगा है।*



डॉ. प्रियंका सौरभ

समाज में सम्मान का अर्थ कभी बहुत गहरा हुआ करता था। किसी को सम्मानित करना केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उसके संघर्ष, श्रम और योगदान को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने का एक नैतिक दायित्व माना जाता था। सम्मान का अर्थ था समाज की ओर से यह स्वीकार करना कि किसी व्यक्ति ने अपने जीवन से दूसरों के लिए रास्ता बनाया है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक अजीब प्रवृत्ति तेजी से उभरी है 'नारी सम्मान' के नाम पर पुरस्कारों का बाज़ार। आज ऐसा लगता है मानो हर संस्था, हर मंच और हर संगठन नारी शक्ति सम्मान, वुमन आइकन अवॉर्ड, वुमन लीडरशिप अवॉर्ड, ग्लोबल वुमन एक्सीलेंस अवॉर्ड जैसे भव्य नामों से पुरस्कार बाँटने की होड़ में लगा है। सोशल मीडिया खोलिए तो हर दूसरे दिन किसी न किसी महिला को अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान या राष्ट्रीय महिला रत्न से सम्मानित किए जाने की तस्वीरें दिखाई देती हैं। मंच पर मुस्कुराते चेहरे, हाथों में चमकती ट्रॉफियाँ, और पीछे बड़े-बड़े बैनर—सब कुछ देखने में बेहद आकर्षक लगता है। लेकिन इस चमकदार तस्वीर के पीछे कई ऐसे सवाल छिपे हैं जिन्हें अक्सर पूछने से बचा लिया जाता है। सवाल यह नहीं कि महिलाओं को सम्मान क्यों दिया जा रहा है; सवाल यह है कि क्या ये सम्मान सचमुच सम्मान हैं, या केवल दिखावे और प्रचार का साधन बनते जा रहे हैं? दरअसल आज नारी सशक्तिकरण एक ऐसा शब्द बन गया है जिसका प्रयोग जितना ज्यादा होता है, उसका वास्तविक अर्थ उतना ही कमजोर होता जाता है। मंचों पर बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, भाषणों में महिलाओं की शक्ति और क्षमता का गुणगान किया जाता है, लंबी-लंबी सूची में पुरस्कार बाँटे जाते हैं, फोटो खिंचते हैं, सोशल मीडिया पोस्ट बनते हैं और अगले दिन सब कुछ सामान्य हो जाता है। इस पूरे क्रम में अक्सर वह महिला गायब रहती है जिसके जीवन में सशक्तिकरण की सबसे ज्यादा जरूरत है। भारतीय समाज में सम्मान का अर्थ केवल ट्रॉफी या प्रमाणपत्र नहीं था। किसी को सम्मानित करना उस व्यक्ति के सामाजिक योगदान को स्वीकार करना था। यह एक तरह से समाज की ओर से कहा गया धन्यवाद होता था—कि आपने अपने जीवन से दूसरों के लिए रास्ता बनाया। लेकिन जब सम्मान का उद्देश्य बदलकर प्रचार, नेटवर्किंग और व्यक्तिगत ब्रांडिंग बन जाए, तो उसका मूल्य भी धीरे-धीरे कम हो जाता है। आज कई पुरस्कार समारोह ऐसे होते हैं जिनमें वास्तविक चयन प्रक्रिया अस्पष्ट होती है। कई बार प्रतिभागियों को स्वयं नामांकन करना पड़ता है, कुछ जगहों पर नामांकन के साथ शुल्क भी लिया जाता है, और अंत में एक भव्य समारोह में लगभग सभी को सम्मानित कर दिया जाता है। ऐसे आयोजनों में सम्मान की गरिमा से ज्यादा महत्व मंच की सजावट, कैमरों की फ्लैश और सोशल मीडिया पोस्ट को दिया जाता है। सोशल मीडिया के दौर ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। आज सम्मान केवल एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि डिजिटल पहचान का हिस्सा बन गया है।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## लघु कथा

बढ़ता राजस्थान

### कुछ नहीं



मिन्नी और मुन्ना दोनों भाई-बहन घर के दालान में खेल रहे थे। पापा भी पास में कुर्सी पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे। किसी बात को लेकर मुन्ना ने मिन्नी को दो-चार घूसे जमा दिए। बड़ी होने पर भी उसने मुन्ना को कुछ नहीं कहा और मम्मी-मम्मी करती हुई भाग खड़ी हुई। मुन्ना अब भी उसके पीछे घूसा ताने भाग रहा था। क्या बात है, मिन्नी? कुछ नहीं, पापा! मिन्नी का भ्रातृ प्रेम-प्रेम जाग चुका था। मुन्ना, ऐसे नहीं करते! वो तुम्हारी बड़ी बहन है। लड़कियों को मारते नहीं। पापा ने मुन्ना को हाथ से पकड़ कर भागने से रोकते हुए समझाया। पर पापा, आप भी तो मम्मी को....! तड़ाक...! चुप्प, बहुत जुबान लड़ाने लगा है...! अब मुन्ना भी रोने लगा था। दोनों बच्चों के रोने की आवाज सुनकर 'बच्चों की माँ बाहर आ गई। क्या हुआ, जी? कुछ नहीं। पति ने अखबार पढ़ते-पढ़ते अनमना-सा उत्तर दिया। क्या हुआ, बेटा? उसने दोनों सुबकते बच्चों को बांहों में भरते हुए पूछा। कुछ नहीं, माँ! सहमें हुए बच्चे माँ के आँचल में दुबकते हुए सुबकाए। अचानक माँ के नीले पड़े चेहरे को देख दोनों बच्चों ने अपने नन्हे हाथों से माँ का चेहरा छूते हुए पूछा, यह क्या हुआ? नन्हे हाथों का दुखते चेहरे पर स्पर्श मानो मरहम बन गया था। माँ अपना दर्द भुलते हुए बोली, कुछ नहीं।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# प्रेग्नेंसी में कटहल खाना चाहिए या नहीं? डाइट में शामिल करने से पहले जान लें इसके फायदे-नुकसान

**प्रेग्नेंसी में कटहल खाना चाहिए या नहीं? :**डायटीशियन अबर्ना माथीवनन के मुताबिक, प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन इसका सेवन हमेशा सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। कटहल में ऐसे कई जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो मां और गर्भस्थ शिशु की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। हालांकि, इसका ज्यादा मात्रा में सेवन करने से बचना चाहिए। साथ ही, कटहल को बहुत ज्यादा पकाकर नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे शरीर में गर्मी बढ़ सकती है। प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

**प्रेग्नेंसी में कटहल खाने के फायदे :** कटहल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें जिंक, आयरन, फाइबर, कैल्शियम, पोटैशियम, बीटा-कैरोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो गर्भवती महिला के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। प्रेग्नेंसी में कटहल का सेवन करने से कब्ज जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है और पेट से जुड़ी दिक्कतें कम हो सकती हैं। इसके अलावा, इसके सेवन से ब्लड प्रेशर नॉर्मल रहता है और हड्डियां भी मजबूत बनती हैं। कटहल में मौजूद पोषक तत्व शिशु के सही विकास में भी मददगार हो सकते हैं।

**प्रेग्नेंसी में कटहल खाने के नुकसान**

हालांकि कटहल के कई फायदे हैं, लेकिन इसका अधिक मात्रा में सेवन गर्भवती महिलाओं के लिए कुछ समस्याएं भी पैदा कर सकता है। ज्यादा मात्रा में कटहल खाने से गर्भवती महिला का ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। इसलिए जिन महिलाओं को जेस्टेशनल डायबिटीज है, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए।

# बीसलपुर पेयजल परियोजना से गांवों को जोड़ने में गति लाएं-कल्पना अग्रवाल

## पलेई में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई रात्रि चौपाल

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** ग्राम पंचायत पलेई में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में बीसलपुर पेयजल परियोजना से गांवों को जोडने, पलेई की ओर जाने वाले सडक मार्ग की मरम्मत, ग्राम पंचायत का रिकार्ड नगर पालिका निवाई को सुपुर्द करने एवं गौशाला बनवाने सहित कई समस्याओं पर चर्चा की गई। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का हल तत्काल एवं गुणवत्तापूर्ण करें। उन्होंने उपखंड अधिकारी प्रीति मीना को सभी विभागों से जन समस्याओं के निस्तारण की रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर अग्रवाल ने संवेदनशीलता से ग्रामीणों की सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि सभी अधिकारी राज्य सरकार की मंशानुसार आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान करें एवं पात्र लोगों को सरकार की फ्लैगशीप योजनाओं का लाभ प्रदान करें। उन्होंने बीसलपुर पेयजल परियोजना से पलेई गांव को जोडने की प्रगति को लेकर जलदाय विभाग के अभियंताओं से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए घर घर नल कलेक्शन के काम में गति लाएं। खराब हैंडपंपो को शीघ्र दुरस्त करें। उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र में ग्राम पंचायत पलेई को शामिल करने का गजट नोटिफिकेशन जारी होने के बाद भी ग्राम पंचायत द्वारा रिकार्ड नगर पालिका को सुपुर्द नही करने को गंभीरता से लेते हुए विकास अधिकारी को शीघ्र ही ग्राम पंचायत का रिकार्ड नगर पालिका को सुपुर्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अभियंताओं को पीएम सूर्यघर योजना की जानकारी लेते हुए कहा कि भारत सरकार की यह योजना बिजली उपभोक्ताओं के लिए हितकारी है। इसलिए इस योजना का आमजन में अधिकाधिक प्रचार प्रसार किया जाएं। उन्होंने ग्रामीणों को सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करवाने का आश्वासन दिया। रात्रि चौपाल से पूर्व जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने उपखंड कार्यलय, उपकोष एवं पंचायत समिति कार्यालय का औचक निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने सभी शाखाओं में मौजूद संबंधित कार्मिकों से सरकार की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही उपखंड अधिकारी प्रीति मीना को पेंडेंसी समाप्त करने एवं योजनाओं का लाभ समयबद्ध सीमा में पात्र व्यक्तियों को देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार नरेश गुर्जर, सीएमएचओ शैलेंद्र चौधरी, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विरेन्द्रसिंह सोलंकी, सीबीईओ, विकास अधिकारी व प्रशासक सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## रामाश्रय शिविर में बुजुर्गों को मिली निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व उपचार सुविधा



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला अस्पताल सवाई माधोपुर में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रामाश्रय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्गों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजराम मीना ने बताया कि शिविर में वृद्धजनों को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। रामाश्रय नोडल अधिकारी डॉ. अतुल जैन के अनुसार शिविर में रक्तचाप व डायबिटीज की जांच के साथ-साथ अस्थि रोग, नेत्र रोग, ईएनटी, अल्जाइमर व डिमेंशिया से संबंधित जांच तथा फिजियोथेरेपी सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, मनोरोग चिकित्सक और फिजियोथेरेपिस्ट सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। सभी मरीजों को निःशुल्क जांच, परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। छान कस्बे की रहने वाली चंचल ने नेत्र रोग विशेषज्ञ से आंखों की जांच करवाई और निःशुल्क दवाएं प्राप्त कीं। वहीं धन्ना देवी, जो मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या से ग्रस्त हैं, ने भी शिविर में जांच कराकर चिकित्सकीय परामर्श और दवाएं प्राप्त कीं। एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं मिलने से बुजुर्ग मरीजों ने संतोष व्यक्त किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कल- खेल प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को मायभारत कार्यालय, स्पोर्टस ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया एवं जिला खेल अधिकारी के समन्वय तथा अन्य विभागों के सहयोग से खेलो इण्डिया इनिशिएटिव के तहत दशहरा मैदान में प्रातः 10 बजे से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। कार्यक्रम के तहत 13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं के साथ-साथ मनोरंजन खेल रस्साकशी-नॉन कम्पिटेटिव का भी आयोजन किया जाएगा। प्रतिभागी क्यूआर कोड के माध्यम से भी पंजीयन कर सकते है। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं विस्तृत जानकारी के लिए कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी हर्षित खण्डेलवाल 9828239772 तथा जिला खेल अधिकारी कजोड़ मल 8114491116 से सम्पर्क किया जा सकता है। इच्छुक महिला प्रतिभागियों का भारत सरकार की एनएसआरएस खेलो इंडिया वेबसाइट पर एथलीट के रूप में पंजीकरण अनिवार्य है।

## असली रंग तो हमारे व्यवहार और हमारी संस्कृति का है- डीवाईएसपी जगदीश मीणा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मीणा फार्म पर होली स्नेहमिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डीवाईएसपी जगदीश मीणा के सानिध्य में पुलिस अधिकारियों एवं लोगों ने आपसी प्रेम व सद्भाव के साथ तिलक होली खेली एवं पदोन्नित होने वाले पुलिस अधिकारियों को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। डीवाईएसपी जगदीश मीणा ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंग और गुलाल तो मात्र एक माध्यम हैं, असली रंग तो हमारे व्यवहार और हमारी संस्कृति का है। समाज सेवी सीताराम मीणा ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जो आपसी सद्भाव देखने को मिला है, यह हमारे प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आप सभी के जीवन में खुशियों के रंग इसी तरह बरसता रहें। समारोह में डीजे के भजनों की धुन पर युवाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व सीआर मांगीलाल गुर्जर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रभुलाल मीणा, रूपसिंह गुर्जर, मीठालाल, ब्रजमोहन, जीतपाल, रामधन, विक्रमसिंह गुर्जर एवं नितिन मीणा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राजयोग भवन टोंक में अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह, फूलों व गुलाब जल से खेली होली

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की टोंक शाखा स्थित राजयोग भवन में अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, आध्यात्मिक उमंग और सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर फाग उत्सव भी श्रद्धा और आनंद के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आध्यात्मिक रंगों में रंगकर होली का पर्व मनाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाई-बहनों ने ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी, ब्रह्माकुमारी बीना दीदी, ब्रह्माकुमारी ऋतु दीदी, ब्रह्माकुमारी गुंजन दीदी, ब्रह्माकुमारी अनीता दीदी तथा राजयोगी बीके पांचू भाई के साथ फूलों और गुलाब जल से होली खेली। पूरे वातावरण में आध्यात्मिक आनंद, प्रेम और उल्लास की अनुभूति हो रही थी। भाई-बहनों ने खुशी के इस अवसर पर फाग गीतों पर झूमते हुए नृत्य भी किया, जिससे माहौल और अधिक उल्लासपूर्ण बन गया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण दो नन्ही बालिकाएँ रहीं, जिन्हें श्रीकृष्ण और राधारानी के रूप में सुसज्जित किया गया था। उनकी मनमोहक झलक और मासूम प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और पूरे समारोह को और अधिक आकर्षक एवं आनंदमय बना दिया। इस अवसर पर राजयोगी बीके प्रहलाद भाई ने ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी का माला, चूंदड़ी और साफा पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर खेमचंद आहूजा और ओमप्रकाश गुप्ता ने भी सभी को रंगोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।



## विप्र फाउंडेशनः होली मिलन समारोह ने बढ़ाया समाज में एकता और आपसी सद्भाव

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर/गंगापुर सिटी (राकेश शर्मा)।** विप्र फाउंडेशन गंगापुर सिटी के तत्वावधान में ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह विजय पैलेस मे उत्साह, उमंग और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के सैकड़ों परिवारों ने भाग लेकर आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया।
समारोह के दौरान प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए पारंपरिक फाग गीतों ने वातावरण को पूरी तरह होलीमय बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को पुष्पों से होली खेलकर शुभकामनाएँ दी !
कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ हेमन्त शर्मा, दिलीप तिवाड़ी, देवेन्द्र पाठक, श्याम सेवा, बाल कृष्ण शर्मा, राजकुमार उपाध्याय, सुशील दीक्षित, विष्णु , राजेन्द्र सहारिया, मदनमोहन शर्मा, डॉ शैल शास्त्री, गोपाल शर्मा पार्थ, प्रमोद बोहरा, हनुमान सहाय द्विवेदी, भूदेव प्रसाद शर्मा, गोविन्द शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, दुर्गेश शर्मा, भगवान पाराशर वैद्य, ब्रजेश उपाध्याय, सुरेश पाराशर, रमेश तिवारी, मनमोहन दुबे, गिरीश दीक्षित, धर्मेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, रजनीश बोहरा, रमन कुमार शर्मा, हरिओम शर्मा, रमाकांत शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, राजेश शर्मा, अशोक शर्मा, सत्यप्रकाश जैमिनी, राजेश आचार्य , रमेश पलासोद, महेन्द्र काड़ोल्या, विष्णु शर्मा, गोविन्द पाराशर, ओमप्रकाश शर्मा, रमेश चंद शर्मा, गजेन्द्र बल्लभ भारद्वाज, अंकुश शर्मा, सुरेश शर्मा, धनेश शर्मा, प्रवीण शर्मा आदि उपस्थित रहे।
कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएँ देते हुए समाज में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। समारोह ने समाज में आपसी मेल-मिलाप और सौहार्द की भावना को और अधिक मजबूत किया।

## मोरण में रात्रि चौपालःपरिवादों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें- जिला कलेक्टर



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम ने गुरूवार को बौंली उपखण्ड की ग्राम पंचायत मोरण में रात्रि चौपाल का आयोजन पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जिस पर कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाया जाए और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाए। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने गांव के रास्तों से अतिक्रमण हटवाने, विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र बनवाने, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने, मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने, कृषि भूमि का सीमा ज्ञान करवाने, नया विद्युत ट्रांसफार्मर लगवाने, बंद रास्ता खुलवाने, सडक़ निर्माण करवाने सहित अन्य समस्याओं को कलक्टर के समक्ष रखा। इस पर कलक्टर ने मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एसडीएम को गिरदावरी कार्य जल्द करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि चौपाल में प्राप्त सभी परिवादों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को भी लंबित मामलों के निस्तारण के लिए सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी बौंली संदीप कुमार बेरड़, तहसीलदार बौंली दिनेश मीना, तहसीलदार मित्रपुरा विनोद कुमार गुप्ता सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## फसल काटने जा रही महिलाओं से भरा टैंपो को तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मारी, आधा दर्जन महिलाएँ घायल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** टोंक जिले के नगरफोर्ट थाना इलाके में धारोला गांव के पास फसल काटने जा रही महिलाओं से भरा टैंपो को तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे सडक़ पर ही पलट गया। इस हादसे टेंपो चालक सहित आधा दर्जन महिलाएँ घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर घायलों को टैंकों के नीचे से निकाला और नगरफोर्ट अस्पताल पहुंचाया जहां से हालत नाजुक होने पर चालक और चार महिलाओं को टोंक सआदत अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों उनका उपचार कर रहे है। घायल महिलाओं ने बताया कि नगरफोर्ट से धारोला गांव में सरसों की फसल की कटाई के लिए जा रहे थे इसी दौरान धारोला गांव के समीप चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे टेंपो पलट गया और उसके नीचे दब गए गनिमत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।



## सआदत अस्पताल में शीघ्र ही 24 घण्टे निशुल्क जांच की होगी व्यवस्था-चंद्रवीर चौहान

बढ़ता राजस्थान



**टोंक(पुरूषोतम जोशी)।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने राजकीय सआदत अस्पताल टोंक में वृद्धजनों के लिए आयोजित रामाश्रय शिविर का शुभारंभ किया।भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच, परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराईं जाएगी।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार वृद्धजनों को समर्पित, सुगम और सम्मानपूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पित है। साथ ही भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सआदत अस्पताल में शीघ्र ही 24 घण्टे निशुल्क जांच की व्यवस्था करवाई जा रही है उन्होंने कहा कि रामाश्रय वार्डों ने बुजुर्गों को केवल उपचार ही नहीं, बल्कि सम्मान, भरोसा और मानसिक सुकून भी प्रदान किया है। उपचार के लिए अस्पतालों में बार-बार चक्कर लगाने की मजबूरी अब नहीं रही। बेड पर ही जांच, सैम्पल संग्रह और रिपोर्ट उपलब्ध होने से वृद्धजन निश्चिंत हुए हैं और अस्पतालों की जटिल प्रक्रियाओं से उन्हें राहत मिली है।उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बुजुर्गों को समर्पित, सुगम और सम्मानपूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा है, जो आज व्यवहार में भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है।उन्होंने कहा कि रामाश्रय वार्ड आज केवल एक स्वास्थ्य योजना नहीं, बल्कि बुजुर्गों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बन चुके हैं। यह पहल साबित करती है कि जब नीति में करुणा जुड़ती है, तो उसका लाभ समाज के सबसे अनुभवी वर्ग तक सम्मान के साथ पहुंचता है।

## तालुका विधिक सेवा समिति, उड़ान समूह एवं साहित्यिक मंच द्वारा संयुक्त रूप से विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट टोडारायसिंह अनुभा सिंह की अध्यक्षता में सभागार भवन नगरपालिका टोडारायसिंह में तालुका विधिक सेवा समिति, उडान समूह एवं साहित्यक मंच द्वारा सयुक्त रूप से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश अनुभा सिंह द्वारा आमजन एवं महिलाओं के कल्याण के संचालित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि सभी महिलाओं को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के लिये सदैव सजग रहना चाहिए। पूर्व में जब महिलाओ को कमत्तर माना जाता था तो देश एवं समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका बहुत कम थी वर्तमान में आज महिलाऐं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी भागीदारी निभा रही है। जिससे यह साबित हो गया है कि महिलाओं को यदि सही शिक्षा एवं मार्गदर्शन मिल जाये तो महिलाऐं किसी भी क्षेत्र में अपनी अच्छी भूमिका निभा सकती है। इस अवसर पर उनके द्वारा नालसा द्वारा संचालित तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पीडितों के लिये विधिक सेवाएँ योजना, आदिवासियों के अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन के लिये विधिक सेवाऐं योजना, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिये विधिक सेवाऐं आदि योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। विधिक जागरूकता शिविर के दौरान अपने उद्बोधन में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता, पीडित प्रतिकर स्कीम-2011 एवं लोक अदालत, हैल्पलाईन के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर के दौरान शिवराज कुर्मी, संचालक साहित्यमंच टोडारायसिंह ने आमजन, बच्चों एवं महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।

उन्होंने विभिन्न कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर समापन पर आशीष विजयवर्गीय, उडान समूह द्वारा उद्बोधन प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शिविर के दौरान अधिवक्ता श्रीमती रामा सैन, मनीषा सैनी, उडान समूह की बालिकाएं, आगनबाडी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## सचिव रेखा यादव ने सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव मागो के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने सखी वन स्टॉप सेंटर तथा बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान बालक-बालिकाओं को दी जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अधोसंरचना की स्थिति का मूल्यांकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर एवं बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह में भवन की संरचनात्मक स्थिति, वेंटिलेशन एवं प्राकृतिक प्रकाश की व्यवस्था, परिसर में सामान्य स्वच्छता का स्तर, निर्धारित मानकों के अनुरूप पर्याप्त स्थान, सुरक्षा हेतु बाउंड्री वाल एवं प्रवेश नियंत्रण की व्यवस्था, आवासीय सुविधाओं के अंतर्गत डॉरमेट्री, कमरों की उपलब्धता, पर्याप्त छात्रावास, कमरे, आयु के अनुसार अलग-अलग आवास, बिस्तर सुविधाएं, भंडारण व्यवस्था, स्वच्छता एवं स्वास्थ्यकर व्यवस्था शौचालय एवं स्नानगृह, बाथरुम एवं कार्यशील स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, कचरा निस्तारण प्रणाली, भोजन एवं पोषण भोजन की गुणवत्ता कच्चे खाद्य पदार्थों के पृथक भंडारण की व्यवस्था, भोजन रजिस्टर संधारित बीमार बालिकाओं हेतु विशेष आहार की व्यवस्था उपलब्धता, रसोईघर में स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाएं प्राथमिक उपचार किट, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल के साथ साझेदारी, सीसीटीवी कैमरे, आगंतुक रजीस्टर का रखरखाव, शिकायत पेटिका, शिकायत निवारण तंत्र एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं पर सचिव द्वारा बारिकी से निरीक्षण किया गया

साथ ही निरीक्षण दौरान वन स्टॉप सेंटर में एक बालिका उपस्थित मिली एवं एक बालिका को मेडिकल के लिए एवं एक अन्य को बयान के लिए ले जाया गया था। बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह में दो शिशु मिले एवं एक देखरेख एवं संरक्षण बालक उपस्थित मिला एवं शिशु गृह में बच्चों के लिए उपलब्ध चद्दर एवं तकिया की साफ-सफाई के निर्देश दिए।

## पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर अभद्रता और मारपीट का आरोपः सरकारी कर्मचारी ने एसपी से की शिकायत, कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर के राजाखेड़ा क्षेत्र में एक सरकारी कर्मचारी ने कुछ पुलिसकर्मियों पर घर में घुसकर अभद्रता और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, राजाखेड़ा निवासी प्रबल कुमार उर्दनिया, जो स्ढ्ढक्कस्न विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि 4 मार्च की रात करीब 11 बजे कुछ पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे। उस समय प्रबल घर पर आराम कर रहे थे। प्रबल के पिता ने दरवाजा खोला तो लाठी लिए कुछ लोग खड़े थे। उन्होंने खुद को राजाखेड़ा थाने का पुलिसकर्मी बताते हुए प्रबल कुमार को थानेदार द्वारा बुलाए जाने की बात कही। शिकायत के मुताबिक, जब प्रबल कुमार कमरे से बाहर आए और पुलिसकर्मियों से बुलाने का कारण पूछा, तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान जब उनकी पत्नी ने विरोध किया, तो पुलिसकर्मियों ने उनके साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

प्रबल कुमार का आरोप है कि जब वह अपने पिता के साथ थाने पहुंचे, तो वहां मौजूद एक पुलिसकर्मी ने उनके बुजुर्ग पिता के साथ धक्का-मुक्की की और उनके साथ भी मारपीट की। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी उनका मोबाइल फोन भी जबरन लेने का प्रयास कर रहे थे।

इसी दौरान प्रबल ने एक पुलिस अधिकारी को फोन कर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उन्हें घर जाने के लिए कहा गया। पीड़ित का कहना है कि यह पूरी घटना घर और थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों में रात 11 बजे से करीब 1.40 बजे के बीच रिकॉर्ड हुई है।

## पुण्यतिथि पर परोपकार का महाअभियानः मुरोत का बास में 8 मार्च को लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

बढ़ता राजस्थान



**झुंझुनूं (नि.स.)।** मानव सेवा को सर्वोपरि मानते हुए मुरोत का बास में 8 मार्च को एक बड़ा सामाजिक और मानवतावादी आयोजन होने जा रहा है। स्वर्गीय श्री अमीलाल महला की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर यहां विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रभर के युवाओं और समाजसेवियों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई है। आयोजन समिति के अनुसार यह शिविर रविवार, 8 मार्च 2026 को सुबह 9:15 बजे से मुरोत का बास में आयोजित होगा। इस आयोजन का उद्देश्य स्व. अमीलाल महला की स्मृति को जनसेवा से जोड़ते हुए जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के आयोजक अनिल कुमार महला ने बताया कि रक्तदान को लेकर क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में लोग इस पुनीत कार्य में भाग लेने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता, क्योंकि यह सीधे किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने का माध्यम बनता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इनमें राजेन्द्र भांबू (विधायक, झुंझुनूं), शुभकरण चौधरी (पूर्व विधायक, उदयपुरवाटी), विशम्भर पूनिया (विधानसभा क्षेत्र झुंझुनूं ), हर्षिनी कुलहरी (जिला प्रमुख, झुंझुनूं) तथा राजेश बाबल (विधानसभा क्षेत्र झुंझुनूं) शामिल रहेंगे।

## भगवान ऋषभदेव जन्मजयंती समारोह श्रृंखला में एक शाम ब्राह्मी सुंदरी के नाम आयोजन कल

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** श्री मेवाड़ जैन युवा संस्थान की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में टाउनहॉल स्थित सुखाडिया रंगमंच पर 8 मार्च सांय साढ़े 6 बजे 'एक शाम ब्राह्मी सुंदरी के नाम' सांस्कृतिक नृत्य नाटिका प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिसमें समाज की सभी महिला मंडल भाग ले रहे है। महिला विंग की संयोजिका श्रीमती अंजना गंगवाल,मंजू गदावत, ज्योत्स्ना जैन,अर्चना चित्तौड़ा, कविता सापढिया, ऊषा कुणावत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में .भक्ति महिला मंच '(सती राजिमती ) नेमीनाथ की पत्नी, दिगम्बर जैन महिता महासमिति संभाग(मेनासती),पारसनाथ महिला मंच(निलांजना का नृत्य),महावीर चैत्यालय('महासती चंदन बाला'),शांतिनाथ मंदिर महिला संगठन कांच मंदिर'(माता के 16सपने),आकांक्षा ग्रुप(सती अंनगसरा),कुंथू महिला मंच,(महा सती चेलना),उपरोक्त कार्यक्रम की समारोह की गौरव श्रीमती तारिका पाटनी, विशिष्ट अतिथि डॉ.ज्योति जैन, रतन देवी नावडिया, डॉ.ज्योत्स्ना जैन, सरोज सोनी मंजू गदावत होगी।

### विद्या भवन ने केवल विद्यार्थी नहीं, जिम्मेदार नागरिक तैयार किए

# महामहिम गुलाब चंद कटारिया के उद्बोधन के साथ कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर (नि.स.)।** विद्या और संस्कारों की समृद्ध परंपरा के लिए प्रसिद्ध विद्या भवन में आयोजित विद्या भवन सोसायटी कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि विद्या भवन केवल शिक्षा देने वाली संस्था नहीं है, बल्कि यह समाज को दिशा देने वाली एक आदर्श संस्था रही है। यहां से शिक्षित हुए अनेक विद्यार्थी आज देश के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर रहे हैं, जो इस संस्थान की गौरवशाली परंपरा का प्रमाण है।

अपने उद्बोधन में उन्होंने भावुक होकर कहा कि वे स्वयं भी विद्या भवन के विद्यार्थी रहे हैं और यहां बिताए गए दिन आज भी उनकी स्मृतियों में ताजा हैं। उन्होंने बताया कि विद्या भवन के संस्थापक डॉ. मोहन सिंह मेहता की सोच अत्यंत दूरदर्शी थी। उनकी शिक्षा की अवधारणा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं थी, बल्कि उसमें संस्कार, समानता और सामाजिक जिम्मेदारी को भी समान महत्व दिया गया था।

महामहिम ने कहा कि विद्या भवन का विशाल परिसर और यहां का शैक्षणिक वातावरण विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने संस्थापक मोहन सिंह मेहता की प्रतिमा के अनावरण को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों और विचारों को स्मरण करने की प्रेरणा मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हल्के हास्य के साथ कहा कि कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए उनकी गाड़ी खेल मैदान से होकर गुजरी, जिसके लिए मेहता ने विद्यार्थियों से क्षमा भी मांगी।

उन्होंने कहा कि विद्या भवन से जुड़े कालूलाल श्रीमाली ने देश के शिक्षा मंत्री के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस संस्था ने देश को अनेक महान शिक्षाविद और नेतृत्वकर्ता दिए हैं। महामहिम ने बताया कि वे स्वयं भी विद्या भवन के छात्रावास में रहे हैं और वहां का अनुशासन, आत्मनिर्भरता तथा सामूहिक जीवन का अनुभव उनके व्यक्तित्व निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

इस अवसर पर विद्या भवन सोसायटी कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह भी गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन की शपथ ली।

संघ के संजय धाकड़ ने बताया कि कार्यक्रम में सोसायटी के उपाध्यक्ष भगवत सिंह बाबेल ने कहा कि विद्या भवन शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है। यहां शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न सहशैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष बल दिया जाता है, जहां सभी वर्गों के विद्यार्थी समान रूप से शिक्षा ग्रहण करते हैं।

समारोह में कर्मचारी संघ के संरक्षक प्रो. हेमेन्द्र सिंह चण्डालिया तथा सलाहकार दीपक शर्मा सहित संस्थान के विभिन्न संस्था प्रधान, कर्मचारी, कार्यकर्ता एवं अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## चेन्नई के उद्योगपति अजीत गोठी ने वर्द्धमान शिक्षण समिति की इकाइयों का किया अवलोकन

### भंवरलाल गोठी पब्लिक स्कूल सहित शैक्षणिक संस्थानों की प्रगति देख जताई प्रसन्नता, पदाधिकारियों का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर प्रसिद्ध समाजसेवी व दानवीर भामाशाह स्वर्गीय भंवरलाल गोठी के सुपुत्र तथा ब्यावर एसोसिएशन चेन्नई के अध्यक्ष अजीत गोठी ने शुक्रवार को श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर द्वारा संचालित शैक्षणिक इकाइयों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। उनके साथ समिति सदस्य धर्मसहायिका राजश्री गोठी भी उपस्थित रहीं इस अवसर पर श्री पार्श्वनाथ चिकित्सा एवं शोध संस्थान के सचिव कमलेश मोदी भी मौजूद रहे। गोठी दंपति ने शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान द्वारा की जा रही उल्लेखनीय प्रगति की सराहना करते हुए पदाधिकारियों व कर्मचारियों की पीठ थपथपाई और प्रसन्नता व्यक्त की महाविद्यालय प्रांगण में वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, उपाध्यक्ष ज्ञानचंद बिनायकिया, शैक्षणिक निदेशक डॉ. आर.सी. लोढ़ा, प्राचार्य धर्मेन्द्र शर्मा, प्रबंधक नेहा जैन, जनसंपर्क अधिकारी बबलू अग्रवाल एवं खुशबू भाटी सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया।

## अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने शहर में किया औचक निरीक्षण, सफाई व्यवस्था को लेकर दिए सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड अधिकारी एवं नगर पालिका प्रशासक भगवत शरण त्यागी के निर्देशानुसार नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने शुक्रवार सुबह शहर में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने के लिए विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों तथा नालों की स्थिति का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी मीणा अलीगढ़ रोड स्थित नाले पर पहुंचे, जहां नाले में गंदगी और झाड़-झूंकट जमा होने पर उन्होंने सफाई कर्मचारियों एवं जमादारों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने तुरंत अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों को मौके पर बुलवाकर नाले में जमा झाड़-झूंकट और कचरे को निकलवाते हुए सफाई कार्य शुरू करवाया। अधिशाषी अधिकारी मीणा ने शहर के अन्य स्थानों पर भी निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को नियमित रूप से नालों की सफाई करने, कचरे का समय पर उठाव सुनिश्चित करने तथा शहर के सभी वार्डों में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर बनाना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसके लिए नगर पालिका की टीम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी कर्मचारी द्वारा अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरती जाती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मजदूर से पुलिसकर्मियों ने की मारपीट, अब सुलटारे में जुटी पुलिस

### पीडित ने डीएसपी से लगाई गुहार, डायल-100 से भी नहीं मिली मदद

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** आबूरोड सदर थाना क्षेत्र में बाइक पर जा रहे मजदूर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। दो पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस उप अधीक्षक से कार्रवाई की गुहार लगाई है। आरोप है कि उसने डायल-100 पर सूचना दी थी, जिस पर एक महिला पुलिसकर्मी मौके पर पहुंची। उनके आने के बाद आरोपी पुलिसकर्मी वहां से चले गए, लेकिन महिला पुलिसकर्मी ने भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। मारपीट का यह मामला सप्ताहभर पहले का बताया जा रहा है। पीड़ित पटेलफली (गणका-आबूरोड) निवासी भरतराम पुत्र मावाराम गरासिया ने परिवाद में बताया कि गत 27 फरवरी कर रात को वह मजदूरी कर मावल से पिता के पास खेत पर जा रहा था। तलहटी के समीप नशे की हालत में दो पुलिसकर्मी अशोक व दिनेश मिले। उसे रूकवा कर हेलमेट नहीं पहना होने की बात कही तथा एक हजार रुपए मांगे। पैसे नहीं होने से वह नहीं दे पाया तथा चालान बनाने की बात कह दी। इस पर दोनों पुलिसकर्मी नाराज हो गए तथा उसे गाली-गलौज करते हुए उससे मारपीट शुरू कर दी। मारते-मारते उसे दूर तक ले गए तथा घायल होकर जब वह नीचे गिर गया तब छोड़ा। मारपीट से उसके पैरों व जांघ पर गंभीर चोटें आई हैं, जिससे बैठने-उठने व चलने-फिरने में मुश्किल हो रही है।

**फिर भी कोई मदद नहीं मिली**

पीड़ित न बताया कि नीचे गिरे हुए ही उसने फोन से 100 नम्बर पर मदद मागी। इस पर एक महिला पुलिसकर्मी वहां आई। उनके आने पर आरोपी पुलिसकर्मी वहां से चले गए। लेकिन, मदद के लिए आई महिला पुलिसकर्मी ने भी कोई सहायता नहीं की।

## वार्षिक आमसभा में सर्व सम्मति से कई प्रस्ताव पारित

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** सिरोही सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार की वार्षिक आमसभा में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। भंडार की आय बढ़ाने को लेकर विशेष प्रयास किए जाने पर जोर दिया गया। वहीं, सदस्यों की सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। अध्यक्ष जितेंद्र ऐरन ने बताया कि भंडार के अधीन जिलेभर में कई दुकानें संचालित हैं। भंडार संचालित दवा की दुकानों पर आरजीएचएस के तहत दवा बिक्री की जा रही है, लेकिन सरकार ने मुनाफे का प्रतिशत कम कर दिया है। वहीं, करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए सरकार में बकाया चल रहे हैं। यह राशि रिलीज होने पर भंडार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकेगा। इस दौरान सीईओ जयदेव देवल, ऋषभ मरडिया, भूपत देसाई समेत अन्य सदस्यों ने भी विचार व्यक्त किए।

## 30 मार्च को भव्य रूप से मनाया जाएगा 2625वां महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। हिरणमगरी 'उपनगरीय क्षेत्र की प्रतिनिधि संस्था महावीर जैन जागृति परिषद की कोर कमेटी की बैठक महावीर जैन विद्यालय संस्थान, सेक्टर-4, हिरणमगरी में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 2625वां महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पूर्व निर्धारित 31 मार्च के स्थान पर अब 30 मार्च 2026 को उपनगरीय क्षेत्र में अत्यंत भव्य एवं श्रद्धा-उत्साह के साथ मनाया जाएगा।'

कोर कमेटी सदस्य डॉ हिम्मत लाल वया ने बताया कि 30 मार्च प्रातः 8 बजे विद्या निकेतन स्कूल, सेक्टर-4 से भव्य वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा, जो आगे चलकर भव्य शोभायात्रा के रूप में निकलेगी। शोभायात्रा के पश्चात समाजजनों के लिए स्वामीवात्सल्य (सामूहिक भोजन) का आयोजन किया जाएगा।

अरुण बया ने बताया कि इसी दिन 30 मार्च को सायंकाल महिला प्रकोष्ठ द्वारा भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें समाज की महिलाओं द्वारा प्रस्तुतिया दी जायेगी एवं समाजन की विशेष सहभागिता रहेगी।

सुशील बांठिया एवं आर सी मेहता ने बताया कि इसके अतिरिक्त 22 मार्च सायं ''एक शाम महावीर के नाम'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 'प्रसिद्ध गायिका निशा हिंगड़ एवं उनकी टीम' भगवान महावीर के जीवन एवं संदेशों पर आधारित भक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगी।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ढूकिया को लगाया होली का गुलाल, मंडावा विकास पर भी हुई चर्चा

# इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया को मिला मुख्यमंत्री का आत्मीय सानिध्य

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं (नि.स.)।** रंगों के पर्व होली पर राजनीतिक सौहार्द और आत्मीय रिश्तों की एक खूबसूरत तस्वीर उस समय देखने को मिली, जब मंडावा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता एवं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया ने जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने भी आत्मीयता के साथ ढूकिया के चेहरे पर गुलाल लगाकर उन्हें होली की बधाई दी और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच मंडावा विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण चर्चा भी हुई, जिसमें क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने पर सकारात्मक संवाद हुआ। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में प्रदेश भर से आए जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर रंग, उमंग और सौहार्द के इस पर्व को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान ढूकिया को मुख्यमंत्री के सानिध्य में होली के रंग साझा करने और आत्मीय संवाद का अवसर प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर पूरे वातावरण में उत्साह, भाईचारे और राजनीतिक सौहार्द की झलक साफ दिखाई दी। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रदेश में खुशहाली, समृद्धि तथा विकास की कामना की।

होली के इस अवसर पर मुख्यमंत्री और भाजपा नेताओं के बीच हुई आत्मीय मुलाकात ने राजनीतिक रिश्तों में नई ऊर्जा का संचार करते हुए सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी दिया।



# राज्य स्तरीय समान परीक्षा 2026 की तैयारियां पूर्ण

**ब्यावर से विभिन्न ब्लॉकों के संस्था प्रधानों को सौंपे गए प्रश्न पत्र, सुरक्षा के लिए थानों में रखे गए सीलबंद पैकेट आज वार्षिक परीक्षा प्रारंभ**

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर राज्य स्तरीय समान परीक्षा 2026 को लेकर शिक्षा विभाग की तैयारियां पूरी हो गई हैं। आज 7 मार्च से प्रारंभ होने वाली वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्रों का वितरण गुरुवार को सनातन धर्म राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर से किया गया । जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा के निर्देशन में ब्यावर, जवाजा, मसूदा, जैतारण, रायपुर एवं बदनौर ब्लॉकों के संस्था प्रधानों को प्रश्न पत्र वितरित किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षा की गोपनीयता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रश्न पत्रों के सीलबंद पैकेट संबंधित थानों में सुरक्षित रखवाए गए हैं प्रश्न पत्र वितरण की व्यवस्था में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लोकेश नागला (मसूदा), कविता मौर्य (जवाजा), नरेंद्र सोनी (रायपुर), रेनू गहलोत (जैतारण) एवं बदनौर के अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षा की पारदर्शिता और गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं, ताकि आज 7 मार्च से शुरू होने वाली वार्षिक परीक्षाएं सुचारु और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सकें।

# एम्स जोधपुर के पूर्व छात्र ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में प्राप्त की ऑल इंडिया रैंक 1

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर ( नि.स. )।** एम्स जोधपुर के पूर्व छात्र डॉ. अनुज अग्निहोत्री (एमबीबीएस बैच 2017-2022) ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त की है।

डॉ. अग्निहोत्री की यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी मेहनत, समर्पण और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उनकी सफलता एम्स जोधपुर परिवार के लिए गौरव का विषय है तथा देश की सेवा करने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण भी है।

एम्स जोधपुर के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) गोवर्धन दत्त पुरी ने डॉ. अनुज अग्निहोत्री को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बैंकिंग योजनाओं को गति देने पर जोर, 4978 करोड़ की वार्षिक साख योजना को मंजूरी

**जिला स्तरीय परामर्श एवं समीक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर कमलराम मीणा ने लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश**



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** ब्यावर जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कमलराम मीना की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय परामर्श एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 की तृतीय तिमाही की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बैंकर्स को राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं के लक्ष्यों को वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व पूरा करने तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4978 करोड़ रुपये की वार्षिक साख योजना को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागों और बैंकर्स को समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक मनीष मांडल ने री-केवाईसी की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए, वहीं नाबार्ड के डीडीएम आशीष जैन ने कृषि अवसंरचना विकास को लेकर सुझाव दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट भी उपस्थित रहे बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक राजेश कुमार परमार ने किया तथा अंत में बैंक ऑफ बड़ौदा के उप क्षेत्रीय प्रमुख साहेब अहमद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** जिला चिकित्सालय निंबाहेड़ा में महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अत्यंत प्रभावी माना जाता है तथा बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पीएमओ डॉ राघव सिंह ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत लक्षित आयु वर्ग की बालिकाओं को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टीका लगाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत 30 नवंबर 2010 से 30 मई 2012 के मध्य जन्म लेने वाली बालिकाएं भी पात्र होंगी। यह अभियान लगभग 90 दिनों तक संचालित रहेगा, जिसके दौरान जिला चिकित्सालय सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण की व्यवस्था की गई है।

टीकाकरण के लिए अभिभावक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं, वहीं संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों पर ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। पंजीकरण के बाद निर्धारित तिथि के अनुसार बालिकाओं को टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लक्षित समूह में 14 वर्ष आयु की वे बालिकाएं शामिल हैं, जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, लेकिन 15वां जन्मदिन अभी नहीं मनाया है। 14 वर्ष आयु की बालिकाओं की अनुमानित संख्या कुल जनसंख्या का लगभग 1 प्रतिशत है। जो बालिकाएं एचपीवी वैक्सीन लॉन्च के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की हो जाएंगी, वे भी इस तीन माह के एचपीवी टीकाकरण अभियान के दौरान टीकाकरण के लिए पात्र होंगी। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय निंबाहेड़ा के पीएमओ डॉ. राघव सिंह, डॉ. रोहित शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक जितेंद्र सिंघवी, मनीष तोलंबिया, सीनियर फार्मासिस्ट विनोद टेलर, जूनियर एकाउंटेंट मनीष कुमार, एएनएम नीलम कुमारी एवं जीएनएम एकता भट्ट सहित चिकित्सा विभाग के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# 'म्हारो पावन चित्तौड़' विशेष सफाई अभियान आज कुंभा नगर में



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'म्हारो पावन चित्तौड़' विशेष सफाई अभियान का आयोजन आज कुंभा नगर स्थित वार्ड संख्या 15 से किया जाएगा। अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा शहर के सभी वार्डों में चरणबद्ध रूप से व्यापक साफ-सफाई एवं सुधार कार्य किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत सड़कों, नालियों एवं डिवाइडरों की समुचित सफाई की जाएगी तथा विभिन्न स्थानों से कचरा एकत्र कर डंपिंग स्थलों पर उसका निस्तारण किया जाएगा। इसके साथ ही खाली भूखंडों की सफाई कर आवश्यकतानुसार चारदीवारी निर्माण की कार्रवाई भी की जाएगी। इसके अलावा सड़कों, नालियों एवं नालों की मरम्मत, फेरो कवर लगाना, दीवारों पर रंगाई-पुताई कर सौंदर्यीकरण, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करना तथा आवश्यकतानुसार नई स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे कार्य भी किए जाएंगे। अभियान के दौरान असुरक्षित विद्युत केबल को सुरक्षित करने, ट्रांसफार्मरों की चारदीवारी करवाने, नाला-नालियों पर किए गए अतिक्रमण हटाने, मार्गों पर लंबे समय से खड़े खराब वाहनों को हटाने तथा वार्ड में स्थित पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई जैसे कार्य भी सुनिश्चित किए जाएंगे। इसके साथ ही आमजन को कपड़े की थैलियां वितरित कर पॉलिथीन के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित होंगी। अभियान के प्रभारी जितेंद्र कुमार मीणा होंगे। इस दौरान नगर परिषद के राजस्व स्वच्छ भारत मिशन सहित सभी शाखा टीम के लगभग 70 कार्मिक अभियान में भाग लेंगे।

# विधायक कोठारी ने विधानसभा में उठाया ईएसआई हॉस्पिटल का मुद्दा

**चिकित्सा मंत्री ने दिया विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती का आश्वासन**

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने विधानसभा में नियम 50 के तहत स्थगन प्रस्ताव पर बोलते हुए सरकार से भीलवाड़ा के कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल को केंद्र सरकार के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम को हस्तांतरित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे भीलवाड़ा के साथ साथ चित्तौड़गढ़ जिले के बीमित श्रमिकों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। विधायक कोठारी ने बताया कि भीलवाड़ा स्थित 50 शैय्या वाला राज्य कर्मचारी बीमा अस्पताल वर्तमान में यहां लंबे समय से अधिकांश विशेषज्ञ चिकित्सकों और आवश्यक स्टाफ के रिक्त पदों की हालत को देखते हुए श्रमिकों को अपेक्षित चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा एक प्रमुख औद्योगिक नगरी है, जहां विभिन्न उद्योगों में कार्यरत बीमित श्रमिकों की संख्या लगभग एक लाख है, जो राज्य में श्रमिकों की संख्या के हिसाब से पांचवें स्थान पर है। यदि श्रमिकों के आश्रितों को भी शामिल किया जाए तो लाभार्थियों की संख्या लगभग 3 से 4 लाख तक पहुंच जाती है। कोठारी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अस्पताल को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधीन लेने के लिए 29 सितंबर 2023 को राज्य सरकार के साथ एमओयू भी किया गया था, लेकिन इस दिशा में विशेष प्रगति नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में डबल इंजन की सरकार है और सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाना है। इस पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जवाब देते हुए कहा कि अप्रैल माह तक विशेषज्ञ चिकित्सकों के पदों पर भर्ती की जाएगी। विशेषज्ञ चिकित्सों की नियुक्ति के बाद स्थानीय विधायक से सलाह-मशविरा कर अस्पताल को केंद्र सरकार के अधीन देने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

# अल्लाह की बारगाह में उठे सैकड़ों हाथ, माहे रमजान के तीसरे जुम्मे की नमाज अदा

**रमजान का पवित्र महीना हमें सब्र, इबादत और इंसानियत का पैगाम देता है : सदर मुस्ताक अली**

बढ़ता राजस्थान



**जालोर ( युनुस खान )।** भीनमाल माहे रमजान के तीसरे जुम्मे के अवसर पर शुक्रवार को भीनमाल शहर के ईदगाह मैदान में मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग एकत्रित हुए और अकीदत व श्रद्धा के साथ जुम्मे की नमाज अदा की। नमाज हजरत मौलाना अलिफ़ साहब सुजा शरीफ ने अदा करवाई। इस दौरान ईदगाह मैदान में धार्मिक माहौल बना रहा और लोगों ने इबादत कर अल्लाह की बारगाह में दुआएं मांगी। नमाज से पहले मौलाना मसरूद्दीन सिद्दीकी एवं ईदगाह के पेश इमाम मौलाना नूर मोहम्मद ने खिताब पेश करते हुए रमजान के मुकद्दस महीने की अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र, रहमत और बरकत का महीना है। इस महीने में हर इंसान को नेक राह पर चलते हुए गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। साथ ही समाज में आपसी भाईचारा और मोहब्बत को मजबूत करने का संदेश दिया। नमाज के बाद मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए खास दुआ की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अल्लाह से मुल्क की सलामती और समाज में भाईचारे की भावना कायम रहने की दुआ मांगी। इस मौके पर सदर मुस्ताक अली ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना हमें सब्र, इबादत और इंसानियत का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को इस महीने में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि समाज में एकता और भाईचारा मजबूत हो सके। ईदगाह मैदान में नमाज के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। नमाज के बाद सभी लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और मुल्क में शांति, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ की।

# रिवॉल्वर साफ करते समय लगी गोली, एएसआई महावीर सिंह की मौत



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** शहर में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां सिटी कोतवाली थाना में पदस्थ एएसआई महावीर सिंह को सर्विस रिवॉल्वर की सफाई करते समय गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एएसआई महावीर सिंह सुबह ड्यूटी से घर लौटने से पहले अपनी सर्विस रिवॉल्वर की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक गोली चल गई, जो उन्हें लग गई। गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि महावीर सिंह कुछ ही दिनों पहले एएसआई पद पर पदोन्नत हुए थे और वर्तमान में सिटी कोतवाली में तैनात थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# विद्युत लाईन, खम्भे चोरी मामले में नया मोड़, क्या पाटन से जुड़ा है मामला

**दाल में काला नहीं दाल काली है लाखों के खेल में कौन-कौन हैं शामिल**

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** आम आदमी के मामूली बिल बकाया होने पर जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कर्मचारी दल बल के साथ कनेक्शन विच्छेद करने पहुंच जाते हैं। उपभोक्ता को परेशान करते हैं, बदमिजी करते हैं। सुत्र बताते है कि चालिस से पचास प्रतिशत बिजली चोरी होती है, ऐसा भी संभव नहीं है कि विद्युत विभाग को जानकारी नहीं है। चंद रुपये में मिली भगत से सरकारी मशीनरी सरकारी खजाने में सैध लगाने में पीछे नहीं रहते हैं। लेकिन लगातार लाखों रुपए की सरकारी सामग्री चोरी होने के पश्चात भी ऊपर से नीचे तक मौन धारण कर लेते हैं। सवाल यह उठ रहा है कि क्या एफ आई आर दर्ज करवा कर मामले पर पर्दा डालने का प्रयास किया गया या इस मामले में लम्बी चोडी फेहरिस्त है जिन्हें बचाने का प्रयास किया। नामजद दर्ज एफ आई आर में एफ आर लगी है तो चोरी किसने की मामला संगीन भी गंभीर भी है चोरी करने वाला सामने होने के बाद भी कुछ तो दबाया जा रहा है।

विश्वनीय सुत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार वायर खम्भे चोरी होने के तार झालरापाटन से जुड़े हुए हैं, यह खेल लम्बे समय से चल रहा है। आर वी वी एन एल के एक ईमानदार कर्मचारी ने नाम नहीं छापने पर बताया कि विभाग द्वारा एफ आई आर तो सिर्फ हाथ पैर बचाने के लिए की गई है। उसने बताया इस खेल में विभागीय अधिकारी तक शामिल हैं, लाखों नहीं बल्कि करोड़ों रुपए की सामग्री गायब हैं,जिसकी जांच हो तो बहुत बड़ा स्कैम सामने आ सकता है। खासकर झालरापाटन के एक ठेकेदार की भूमिका संदेहास्पद बताई जा रही है। जिसमें विभाग के कर्मचारी तथा स्टोर से सम्बंधित कर्मचारी की जानकारी में होना निश्चित रुप से यह प्रदर्शित करता है।

विभाग जानबूझकर कर चोरी की वारदात को छुपाने में लगा है। चोरी तो हुई है । सुत्र बताते हैं आज से नहीं हो रही है तो बल्कि लम्बे समय से रचाया जा रहे खेल के पर्दा फाश होने की पायदान है। आखिर कुछ तो हुआ होगा या कोई कारण रहे होंगे जो मजबुरी में रिपोर्ट लिखा कर पुलिस को भ्रमित किया गया। अब उच्च स्तरीय अधिकारीयों की जवाबदेही है कि निष्पक्ष व पारदर्शीता के साथ मामले की जांच कर विभाग में बैठे चंद लोग जो सरकारी सम्पत्ति को मगरमच्छ की तरह निगल रहे हैं, उन चेहरों को जनता व कानून के सामने ईमानदारी से लाएं।

# नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर भव्य आयोजन की तैयारियां, प्रशासनिक अधिकारियों को दिया आमंत्रण

**18 मार्च को तालाब की पाल स्थित सुभाष उद्यान में दीपदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम व महाआरती के साथ मनाया जाएगा भारतीय नववर्ष**

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर( अनिल सिखवाल )।** आगामी नवसंवत्सर विक्रम संवत 2083 की पूर्व संध्या पर 18 मार्च 2026, बुधवार को तालाब की पाल स्थित सुभाष उद्यान में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारियों से भेंट कर उन्हें कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पधारने का निमंत्रण दिया। समिति प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर कमलराम मीणा, उपखण्ड अधिकारी दिव्यांशु सिंह तथा नगर परिषद आयुक्त से मुलाकात कर नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने का आग्रह किया। साथ ही कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक प्रशासनिक सहयोग प्रदान करने का निवेदन भी किया समिति सदस्यों ने अधिकारियों को बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी तालाब की पाल स्थित सुभाष उद्यान में भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर भव्य आयोजन किया जाएगा। समिति सदस्य एडवोकेट अतुल बंसल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य भारतीय नववर्ष के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज में सांस्कृतिक चेतना और एकता का संदेश देना है। इस अवसर पर शहर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी इस दौरान पवन जैन, एडवोकेट अतुल बंसल, दिलीप बाबेल, सुरेश वैष्णव, संजय घीया, रूपेश कोठारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे आयोजन समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर भारतीय नववर्ष के इस पावन पर्व को भव्य एवं यादगार बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

**भीलवाड़ा में पहली बार अंतरराष्ट्रीय कला का भव्य संगम**

# महिला दिवस पर 'डब्ल्यू-26' सामूहिक कला प्रदर्शनी 8 मार्च से

**देश-विदेश के 40 कलाकारों की कृतियां एक ही छत के नीचे देखने का अवसर**

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भीलवाड़ा में पहली बार देश-विदेश के कलाकारों की कलाकृतियों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

दीपिका आर्ट एकेडमी, नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन एवं नवदीप के संयुक्त तत्वावधान में 'डब्ल्यू-26 सामूहिक कला प्रदर्शनी' का आयोजन 8 से 12 मार्च तक किया जा रहा है। इस संबंध में आर्ट एकेडमी की निदेशक दीपिका पाराशर ने बताया कि प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन 8 मार्च को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस कला संगम का उद्घाटन शहर की विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही गणमान्य महिलाओं द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम में नीतू ओस्तवाल मुख्य अतिथि, दिव्या बांगड़ सम्मानित अतिथि तथा गृशिमा शर्मा, डॉ. अर्पणा श्यामसुखा, पूजा गलूंडिया, रिंकी मिश्रा, गीता चैधरी, श्रद्धा मानसिंहका और आशा गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी।

### 40 कलाकारों की कृतियां होंगी प्रदर्शित

नेशनल आर्टिस्ट एसोसिएशन के फाउण्डर अतुल पडिया ने बताया कि प्रदर्शनी में देश-विदेश के करीब 40 कलाकारों की उत्कृष्ट कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। इनमें चित्रकला, मूर्तिकला, प्रिंटमेकिंग, फोटोग्राफी, डिजिटल आर्ट और मिक्स मीडिया जैसी विभिन्न विधाओं के आकर्षक कार्य कला प्रेमियों को देखने को मिलेंगे।

### कई देशों के कलाकारों की भागीदारी

इस अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में फ्रांस, जापान, इटली, बांग्लादेश, ईरान, नेपाल, क्रोएशिया और इजराइल सहित भारत के कोलकाता, लुधियाना, पुणे, बड़ौदा, अहमदाबाद, भीलवाड़ा, चंडीगढ़, जयपुर, जम्मू-कश्मीर, कल्याणी और जलगांव के कलाकार अपनी रचनात्मक कृतियां प्रस्तुत करेंगे। दीपिका पाराशर ने बताया कि यह प्रदर्शनी केवल कला प्रदर्शन नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कला संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का सशक्त मंच बनेगी। महिला दिवस पर आयोजित यह कला उत्सव भीलवाड़ा के कला प्रेमियों के लिए एक विशेष अवसर रहेगा।

# यूपीएससी एग्जाम पास किया, बड़ा भाई गले लगकर रोने लगा

## पांच बार मेन्स एग्जाम में फेल हुए, ईशा खान ने हासिल की 678वीं रैंक




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** राजस्थान के डीग जिले के कामां इलाके के उटावड़ा गांव के रहने वाले ईशा खान ने यूपीएससी परीक्षा में 678वीं रैंक हासिल की है। 30 साल के ईशा खान को यह सफलता अपने छठे अटेम्प्ट में मिली है। इससे पहले वह पांच बार मेन्स में फेल हुए और एग्जाम क्लियर नहीं कर पाए थे। रिजल्ट जारी होने के बाद परिवार में खुशी का माहौल रहा और उनके बड़े भाई भावुक हो गए। छोटे भाई की सफलता को देख बड़े भाई मुख्तियार खान देख उनसे गले मिलकर रोने लगे। उन्होंने ईशा को गले लगाकर खुशी जाहिर की। परिवार ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

### छठे अटेम्प्ट में मिली सफलता

ईशा खान ने बताया कि यह उनका 6 अटेम्प्ट था। इससे पहले वह पांच बार यूपीएससी मेन्स परीक्षा दे चुके थे, लेकिन हर बार सफलता नहीं मिल सकी। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया, जिन्होंने हर समय उनका साथ दिया।

### पिता चलाते थे दूध की डेयरी

ईशा के पिता उस्मान खान पहले दूध की डेयरी चलाते थे। बाद में उन्होंने डेयरी का काम बंद कर दिया। परिवार ने ईशा की पढ़ाई के लिए लगातार सहयोग किया और उन्हें तैयारी के लिए प्रेरित किया।

### बड़े भाई लड़ चुके हैं विधानसभा चुनाव

ईशा के भाई मुख्तियार खान साल 2023 में विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। उस चुनाव में वह दूसरे नंबर पर रहे थे। पहले नंबर पर बीजेपी विधायक नौक्षम चौधरी रहीं, जबकि तीसरे नंबर पर कांग्रेस की पूर्व मंत्री जाहिदा खान रहीं। मुख्तियार खान पेशे से सीए हैं।

### एनआईटी कुरुक्षेत्र से बीटेक, टाटा कंपनी में मिली नौकरी

ईशा ने 12वीं तक पढ़ाई अरावली पब्लिक स्कूल फिरोजपुर झिरका से की। इसके बाद उन्होंने छप्ज् कुरुक्षेत्र से बीटेक किया। पढ़ाई के दौरान उनका कैंपस सेलेक्शन हो गया और उन्हें टाटा कंपनी में नौकरी मिल गई थी। यूपीएससी का रिजल्ट आने के बाद ईशा के बड़े भाई मुबारिक भावुक हो गए। उन्होंने ईशा को गले लगाकर खुशी जाहिर की। मुबारिक गांव में खेती का काम करते हैं। परिवार के अन्य लोगों ने भी ईशा को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

# राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा के जनक प्रो. एम. एल. श्रॉफका जन्मदिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** श्री हरिदत्त कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी में रेड रिबिन क्लब के तत्वाधान में फर्मेसी शिक्षा के जनक कहे जाने वाले प्रो. महादेव लाल श्रॉफ का जन्मदिवस निदेशक डॉ. आलोक शर्मा के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर डॉ. आलोक शर्मा ने बताया कि प्रोफेसर महादेव लाल श्रॉफको ''भारतीय फर्मेसी शिक्षा का जनक'' माना जाता है। उन्होंने भारत में फर्मेसी को एक अकादमिक और पेशेवर विषय के रूप में स्थापित करने में प्रमुख भूमिका निभाई। उनका जन्म 6 मार्च को हुआ था, जिसे राष्ट्रीय फर्मेसी शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसके उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं के साथ केक काटकर जन्मदिवस मनाया।

इस उपलक्ष्य में फर्मेसी के एच. ओ. डी. विनोद छारिया ने अपने विचार रखे और फर्मेसी के भविष्य पर अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगोली, पोस्टर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसे सबने खूब सराहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फर्मेसी व आयुर्वेद विभाग के छात्र-छात्राओं के बीच में हुई दोहो, श्लोकों व चौपाइयों की अन्ताक्षरी रही। इस अवसर पर प्राचार्य यशवन्त, डी सी सैनी, रविकान्त पाराशर, प्रमोद कुमार गुप्ता, नगेन्द्र सिंह, सन्दीप खण्डेलवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, करन कुमार, कृष्णवीर सिंह, पी.डी. शर्मा, त्रिलोक, ललित, राजपाल सिंह, सुनील लोधा, बनवारी धनगर, प्रतीक उपमन, विनोद अवस्थी, पूनम चौधरी, नेहा ओमर आदि गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। संचालन विनोद छारिया ने किया।

# थोक वस्त्र व्यवसायी संस्थान के वीरेन्द्र कुमार अध्यक्ष बने

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** थोक वस्त्र व्यवसायी संस्थान के द्विवार्षिक चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी निम्न प्रकार घोषित की गयी है। थोक वस्त्र व्यवसायी संस्थान (रजि0) भरतपुर-राज0 के द्विवार्षिक चुनाव 26 फरवरी को चुनाव अधिकारी भगवानदास बंसल द्वारा निर्विरोध सम्पन्न कराये गये। नवीन कार्यकारिणी का विधिवत गठन हुआ है जिसमें कार्यकारिणी में अध्यक्ष-वीरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष निर्णायक कमेटी-राजेन्द्र खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष-वेदप्रकाश मित्तल, सचिव-विपिन कुमार, सहसचिव-राजीव कुमार, कोषाध्यक्ष-अतुल गुप्ता, व्यवस्थापक-विनय मित्तल, निर्णायक कमेटी-भागचंद जैन, सूर्यप्रकाश गुप्ता, गजेन्द्र सिंघल, प्रवीन कुमार अग्रवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य-गोपाल गोयल, राधेश्याम, मार्गदर्शक मण्डल सदस्य-मोहन मित्तल, अशोक सिंघल, जयप्रकाश बजाज, राजेश सिंघल को मनोनीत किया गया है।



# भुसावर गेट बक्सीबास हनुमान मंदिर पर गूंजे होली के रसिया

## व्यंग्य और हास्य से गरमाई चेयरमैन सीट की सियासत सराबोर हुई शाम

बढ़ता राजस्थान

**वैर/भरतपुर (सन्तोष पण्डित)।** कस्बा वैर के भुसावर गेट स्थित हनुमान मंदिर पर होली के बाद आयोजित पारंपरिक होली के रसिया कार्यक्रम ने लोगों को पुराने दिनों की याद दिला दी। कांग्रेस शहर अध्यक्ष मानसिंह सैनी के प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम ने होली की लुप्त होती गौरवशाली परम्परा को फिर से जीवंत करने का काम किया है। कार्यक्रम में कस्बे के लोगों की आंखों में रसिया सुनने की खुशी की चमक साफ दिखाई दी।

कार्यक्रम में स्थानीय रसिया गायन मंडलों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। रसिया गायन में तीन मंडलों ने नगर पालिका चुनाव तथा वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य पर व्यंग्यात्मक प्रस्तुतियां देकर माहौल को खुशनुमा बना दिया और श्रोताओं को हंसी से लोटपोट कर दिया। जानकारी के अनुसार भुसावर गेट पर होली के बाद रसिया कार्यक्रम का आयोजन पिछले कई वर्षों से मानसिंह सैनी द्वारा कराया जाता रहा है। इस मंच से स्थानीय कलाकार कस्बे की वर्तमान परिस्थितियों, नगर पालिका मंडल के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक मुद्दों पर व्यंग्यात्मक रसिया प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन करते हैं।

कार्यक्रम में रामेश्वर जोरावर पार्टी ने नगर पालिका वैर के चेयरमैन पद को लेकर 'सीट जनरल की आवेगी' विषय पर रसिया प्रस्तुत किया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। इसके साथ ही 'बात ना जावेगी खाली, हम सब मिलकर मेल मिलावे, जीत कर सीट आठ हम लावे' जैसी प्रस्तुतियों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

वहीं अशोक सैनी पार्टी ने 'बोर्ड की सब लीलाएं तुम्हे सुनाने आये हैं, नाराज ना होना तुम हमसे, हम तुम सबको हँसाने आये हैं, होली की रसिया गाने की हम रीत निभाने आये हैं' जैसी प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। साथ ही 'चेयरमैन की बनेगी दावेदारी, जापे होगी तिजोरी के नोटन की तारी,अरे मत करियो तुम विश्वास,इन धोखेबाज मेंबरन कौ' रसिया के माध्यम से राजनीतिक माहौल पर तीखा व्यंग्य किया। सुप्रसिद्ध गायक मदन लाल पंजाबी ने या आपस की फूट में मार न जाएं कोई मठ्ठ, अभी तो क्लियर न हुई हैं सीट चेयरमैन की रसिया प्रस्तुत कर लोगों को खूब गुदगुदाया। उन्होंने हृदयाघात (हार्ट अटैक) जैसी गंभीर बीमारी पर भी जागरूकता भरा रसिया सुनाते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी। इसके अलावा वैर बस्ती में बिन डिग्री वकील मिलेंगे,बिन चेला उस्ताद मिलेंगे, या बस्ती में ढोरन के मिल जाएंगे मास्टर जैसी हास्य-व्यंग्य से भरपूर प्रस्तुति ने भी खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुकेश कुमार सैनी, खैमा टीडी, पूरण चंद धाकड़, सुलेमान खां, इकबाल, भीम, सोहन लाल पहलवान, विक्रम धाकड़, प्रकाश सैनी, मुकेश कटारा, भंबल, भीम सिंह, मान सिंह सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# डीग बस स्टैंड पर ट्रैफिक पुलिस का अभियान, 125 ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लगाई रेडियम पट्टी

## राजकॉप ऐप डाउनलोड करने के लिए किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश मीणा के निर्देशन में शुक्रवार को डीग शहर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बस स्टैंड और कृषि उपज मंडी परिसर में करीब 125 ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर (रेडियम) टेप लगाए गए, ताकि रात के समय पीछे से आने वाले वाहनों को आगे चल रहे वाहन स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकें और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके।

ट्रैफिक इंचार्ज रामभरोसी मीणा के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया। साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों पर रेडियम पट्टियां चिपकाई गईं, जिससे रात्रि के समय दृश्यता बढ़े और सड़क हादसों की रोकथाम हो सके।

अभियान के दौरान पुलिस द्वारा लोगों को राजकॉप सिटिजन मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसके लिए ऑटो और अन्य वाहनों पर ऐप डाउनलोड करने के स्टीकर लगाए गए, जिनमें दो प्रकार के क्यूआर कोड दिए गए हैं एक एंड्रॉयड और दूसरा आईफोन उपयोगकर्ताओं के लिए। क्यूआर कोड स्कैन करते ही गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर पर राजकॉप सिटिजन ऐप डाउनलोड हो जाता है।

ट्रैफिक इंचार्ज मीणा ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से आम नागरिक घर बैठे कई पुलिस सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इसमें ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, एफआईआर की स्थिति देखना, गुमशुदा व्यक्ति या दस्तावेज की रिपोर्ट करना, पुलिस हेल्पलाइन से संपर्क करना, ट्रैफिक चालान की जानकारी प्राप्त करना और आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त करना जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे आमजन और पुलिस के बीच संवाद भी बेहतर होता है। इस दौरान हेड कांस्टेबल लोचन सिंह और कांस्टेबल मंगल सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा ओवरलोडिंग से बचने की समझाइश भी दी। पुलिस का कहना है कि ऐसे जागरूकता अभियानों से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

# भरतपुर में लोगों को मकान गिरने का डर सता रहा

## जलभराव के कारण घरों में आई दरारें, सेवर से हीरादास कुंडा में आ रहा पानी



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर नगर निगम के पूर्व मेयर अभिजीत के वार्ड के लोग जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। हीरादास कुंडा का पानी अब इंद्रा नगर कॉलोनी की तरफ बढ़ने लगा है। जिससे लोगों के मकान में दरारें आने लगी हैं। फर्श चटकने लगे हैं। लोगों को अब मकान गिरने का डर सता रहा है। स्थानीय निवासी कई बार अधिकारियों से इसकी शिकायत कर चुके हैं। उसके बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हुई है। इसके बाद अब लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी हैं। साथ ही नगर निगम और बीडीए के खिलाफ नारेबाजी भी की है।

स्थानीय निवासी कुंवर सिंह ने बताया कि इंद्रा नगर कॉलोनी में 25 से 30 साल पहले मकान बने थे। कॉलोनी के पास हीरादास का कुंडा है। कुंडा ओवरफ्लो हो गया है। अब उसका पानी नालियों से कॉलोनी की तरफ आ रहा है। पानी मकानों तक आ गया है। इसके कारण कॉलोनी के मकानों में दरारें आने लगी हैं।

शिकायत के बाद भी नही हुई सुनवाई - स्थानीय लोग कई बार प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई है। अब जल्द से जल्द कुंडा के पानी को निकाला जाए साथ ही नालियों की सफाई की जाए, जिससे कॉलोनी के लोगों के मकान सुरक्षित रह सकें। जलभराव के कारण मच्छरों का भी आतंक बना हुआ - लोगों का कहना है कि जलभराव के कारण मकानों में दरारें आ गई हैं। साथ ही मच्छरों का आतंक बना हुआ है। लोग मलेरिया की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। प्रशासन हमारी सुनवाई नहीं करता। कुंडा में सेवर की तरफ से पानी आ रहा है। आसपास के नाले बंद पड़े हुए हैं। भरतपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी और नगर निगम कोई सुनवाई नहीं कर रही हैं।

# सुबोध गुप्ता ने सड़क दुर्घटना मे 3 घायलों कों अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

- मंजरी फाउण्डेशन के सुबोध गुप्ता ने दिया मानवता का परिचय
- अभी तक 25 घायलों कों अस्पताल में पहुंचा कर बचा चुके है जान

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)। आज जब सड़क हादसों के हो जाने पर आम लोग सेल्फी ओर फोटो लेने लग जाते है। सड़क दुघर्टना के दौरान मदद करने से कतराते है, मदद करने से डरते है , घायलों को सड़क पर घायल अवस्था मे छोड़कर आगे बढ़ जाते है। जबकि हर दूसरे दिन हादसे में किसी न किसी की जान जा रही है। इनमें से कई मामलों में घायल समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते। अधिकांश लोग पुलिसिया कार्रवाई के पचड़े से दूर रहना चाहते हैं, जिस कारण लोग मदद करने आगे नहीं आते। जबकि मानवता के नाते थोड़ी सी मदद से किसी की जान बच सकती है। आज इन्ही सबके बीच मंजरी फाउंडेशन के सुबोध गुप्ता घायलों को अपनी ही गाड़ी से अस्पताल तक पहुंचाने में जरा भी देर न करते है। कार्यो के दौरान वो जब भी फील्ड में जाते है और जैसे ही कोई भी घायल उन्हें सड़क पर दिखाई देता है तुरंत अपनी टीम की सहायता से अस्पताल के लिए लेकर निकल जाते है। अभी तक वो 25 लोगो की जान बचा चुके है। सुबोध गुप्ता नें बताया कि वो धौलपुर से विक्रमपुरा जा रहे थे उमरारा के पास इनके फील्ड साथियो आशीष, पंकज, रवि और रोहित घायलों को संभालते खडे दिखे और बताया कि 2 बाइक की आपस की टक्कर मे गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश पड़े है खून बहुत बह गया है तो सुबोध ने अपने साथियो की मदद से खून से लतपथ तीनो घायलों कों संभाला और उन्हें होश में लाने का प्रयास किया और तुरंत जिला पुलिस अधीक्षक और पी एम ओ डॉ समरवीर सिंह को सूचना दी और अपनी गाड़ी से लाकर मेडिकल कॉलेज मे भर्ती करवाया द्य घायलों के मोबाइल पर आने वाले कॉल के जरिये इस दुर्घटना की सूचना इनके परिजनों तक पहुंचाई जिससे इनके परिजन अस्पताल पहुंचे द्य भोला पुत्र बनवारी निवासी गोपालपुरा तसीमो, उम्र 37 साल बीकाराम पुत्र घंसीराम उम्र 35 साल गोपालपुरा, तसीमो, रिंकू पुत्र मुन्नालाल निवासी बघेल मोहल्ला, सैपंऊ उम्र 38 वर्ष को भर्ती करवाया गया द्य बीका और भोला भैंस खरीदने जा रहे बताए और तभी उमरारा के पास एक बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी द्य टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनो उछट कर बहुत दूर जाकर गिरे ।



# डीग में 7 मार्च को 3 घंटे बिजली कटौती:मेंटेनेंस कार्य के कारण बाधित रहेगी आपूर्ति, कई इलाके होंगे प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** डीग शहर में विद्युत निगम शनिवार को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक 33/11 केवी जीएसएस से निकलने वाले 11 केवी फीडर शहर थर्ड और आईओसी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती रखरखाव कार्य के कारण की जाएगी।

इस विद्युत कटौती से अऊ गेट, भूडा गेट, भरतपुर रोड, बंधा रोड, अचलपुर कॉलोनी, कामा रोड और बरई रोड सहित कई क्षेत्र प्रभावित होंगे।

विद्युत विभाग के जेईएन सुरेंद्र कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि फीडर थर्ड पर आवश्यक रखरखाव का कार्य किया जाएगा। इसी के चलते सुबह 8 बजे से 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# पैंट की पिछली जेब में न रखें वॉलेट, कमर व पीठ दर्द के साथ साइटिका का रिस्क : डॉ. गौरव सिंह सिनसिनवार

## पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं हड्डी एवं जोड रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहकम सिंह ने दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** अक्सर ये देखा होगा कि कुछ लोगों को पैंट के पीछे वाली जेब में वॉलेट रखने की आदत होती है। लेकिन क्या कभी सोचा है कि यह छोटी सी आदत धीरे-धीरे हमारी रीढ़ की हड्डी और पेल्विस के संतुलन को बिगाड़ सकती है। जो लोग पिछली जेब में वॉलेट रखकर बैठते हैं, उनके शरीर का संतुलन धीरे-धीरे बिगड़ने लगता है।

इससे पेल्विस एक तरफ झुक जाता है, रीढ़ की हड्डी में टेढ़ापन आ सकता है। लंबे समय तक ऐसा करने से पीठ व कमर में दर्द और साइटिका का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि अपनी आदतों में कुछ बदलाव करके इस खतरे से बचा जा सकता है। उक्त जानकारी मुखर्जी नगर स्थित मोहकम सिंह हॉस्पीटल के निदेशक एवं पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी भरतपुर डा0 मोहकम सिंह एवं उनके पुत्र वरिष्ठ हडडी एवं जोड रोग विशेषज्ञ डा0 गौरव सिंह सिनसिनवार ने दी।

**पिछली जेब में वॉलेट रखने से शरीर के संतुलन पर कैसा असर पड़ता है?**

**इस आदत से छुटकारा पाने के लिए क्या करना चाहिए?**

**सवाल**- पैंट की पिछली जेब में वॉलेट रखने से शरीर के संतुलन पर कैसा असर पड़ता है?

**जवाब**- डा0 गौरव सिंह सिनसिनवार ने बताया कि पैंट की पिछली जेब में वॉलेट रखने से शरीर का एक हिस्सा खासकर एक कूल्हा थोड़ा ऊपर उठ जाता है। इससे बैठने की पोजिशन में असमानता हो जाती है और रीढ़ की हड्डी एक ओर झुकने लगती है। यह हल्का-सा झुकाव भी लंबे समय में रीढ़ की नेचुरल स्ट्रक्चर को बिगाड़ सकता है।

इस स्थिति में शरीर का भार बराबर नहीं बंटता है, जिससे कूल्हों, कमर और रीढ़ पर असंतुलित दबाव पड़ता है। नतीजतन शरीर का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे लगातार पीठ दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव और नसों के दबने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

समय के साथ यह असंतुलन चलने-फिरने, खड़े होने और यहां तक कि बैठने की सामान्य पोश्चर पर भी असर डाल सकता है। वॉलेट जितना मोटा होगा, समस्या उतनी गंभीर हो सकती है। इसीलिए मेडिसिन की भाषा में इस समस्या को 'फैट वॉलेट सिंड्रोम' कहा जाता है।

**सवाल**- पैंट की पिछली जेब में वॉलेट रखकर बैठने से किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं?

**जवाब**- पिछली जेब में वॉलेट रखकर बैठने की आदत भले ही समान्य लगती है।

**सवाल**- इस आदत से छुटकारा पाने के लिए कौन-से आसान उपाय अपनाए जा सकते हैं?

**जवाब**- अगर आप भी पिछली जेब में वॉलेट रखने की आदत से परेशान हैं तो कुछ आसान उपाय अपनाकर इससे छुटकारा पा सकते हैं।

**सवाल**- वॉलेट को पिछली जेब में रखने की बजाय कहां रखना सबसे बेहतर है?

**जवाब**- डा0 गौरव सिंह सिनसिनवार ने बताया कि इसका सबसे अच्छा विकल्प पैंट की सामने की जेब, शर्ट, जैकेट की अंदरूनी जेब या फिर बैग है। इससे शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। साथ ही वॉलेट गिरने या चोरी होने का खतरा भी कम रहता है। इसके अलावा कोशिश करें कि वॉलेट हल्का हो और उसमें सिर्फ जरूरी चीजें ही रखें, ताकि शरीर पर कोई अतिरिक्त भार न पड़े।

## वार्षिक भण्डारा व वार्षिक मेला 4अप्रेल को

### पीर संज्यानाथ की तपोस्थली धामेंडा धाम में वार्षिक मेला व देशी घी से बनी प्रसादी मिलेगी

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के नारायणपुर उपखण्ड क्षेत्र में प्राचीन अरावली पर्वतमाला की तलहटी में स्थित खेड़ापति बाबा पीर संज्यानाथजी महाराज की तपोस्थली धामेड़ा धाम में 4 अप्रैल 2026 शनिवार को वार्षिक मेले का आयोजन होगा। मेले में देसी घी के विशाल भंडारे को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में कार्यक्रम के विभिन्न पाण्डाल, शुद्ध पेयजल, भण्डारा पंगत प्रसादी, पार्किंग व्यवस्था, संत, महात्माओं एवं भक्तों के आवागमन एवं रुकने की व्यवस्था संबंधी कार्यों को लेकर आवश्यक चर्चा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। महंत पीर विवेकनाथ महाराज ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मिति बैसाख कृष्ण पक्ष द्वितीया को वार्षिक मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है जिसमें 3 अप्रैल को संत, महात्मा एवं कलाकारों द्वारा संपूर्ण रात्रि भजन सत्संग का आयोजन एवं 4 अप्रैल 2026 को प्रातः 9 बजे से महासी जयराम ठेकला, ठेकला की ढाणी एवं महासी महावीर यादव चांदाली के द्वारा महासियों का कार्यक्रम किया जाएगा। वही प्रातः 11 बजे से देसी घी के चूरमे का विशाल भंडारे का आयोजन होगा जिसमें वाल क्षेत्र सहित विभिन्न प्रांतो के लोग आकर बाबा की प्रसादी एवं दर्शन लाभ ले सकेंगे। इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने के लिए अपील की गई।

## अक्षिता घुसिंगा का युपीएससी में हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** शुक्रवार को युपीएससी द्वारा जारी परिणाम में राजगढ़ कस्बा निवासी अक्षिता घुसिंगा ने 843वीं रैंक हासिल की। कस्बे के मांदरीन मौहल्ला निवासी अक्षिता घुसिंगा प्रोफेसर शिम्भूदयाल मीना की पुत्री है। वर्तमान में अक्षिता घुसिंगा इंडियन इकोनॉमिक सर्विस में कार्यरत हैं। इनकी माता रजनी मीणा राजकीय महाविद्यालय में प्रोफेसर हैं। युपीएससी में चयन होने पर रिश्तेदार व परिजनों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## उम्मेद अस्पताल के लेबर रूम ओटी में होली खेलने के फोटो वायरल, अधीक्षक बोले, जांच बाद दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** जोधपुर के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में से एक उम्मेद अस्पताल के लेबर रूम ऑपरेशन थिएटर ( ओटी ) में होली खेलने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन हडकंप मच गया है । अस्पताल अधीक्षक डॉ . मोहन मकवाना कहा कि उन्हें इस प्रकार की किसी घटना की फिलहाल जानकारी नहीं है । वायरल तस्वीरों के बारे में उन्होने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी । यदि जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी । वायरल तस्वीरों में अस्पताल के करीब बीस से अधिक स्टाफ और स्टूडेंट्स रंग - गुलाल के साथ होली खेलते नजर आ रहे हैं । तस्वीरों में ओटी परिसर में रंग और गुलाल बिखरा हुआ है । अस्पताल के संवेदनशील और संक्रमण मुक्त रहने वाले स्थान पर इस तरह रंग - गुलाल के साथ होली खेलना गंभीर लापरवाही माना जा रहा है ।

## शिक्षकों की छुट्टियां कम करने के प्रस्ताव का विरोध

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** राज्य सरकार द्वारा नए शिक्षा सत्र में शिक्षकों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों को 45 दिनों से घटाकर 36 दिन करने के प्रस्ताव का राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने कड़ा विरोध किया है। संघ के प्रदेश नेता शंभूसिंह मेड़तिया ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की छुट्टियों में कटौती करना पूरी तरह अनुचित और शिक्षकों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षकों को 45 दिन का ग्रीष्मकालीन अवकाश मिलता है, जिसे घटाकर 36 दिन करना नियमों के विपरीत है। मेड़तिया ने कहा कि शिक्षक पूरे वर्ष शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ चुनाव, सर्वे, जनगणना और विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यों में भी लगे रहते हैं। ऐसे में उनके अवकाश में कटौती करना शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ डालने जैसा है। उन्होंने राज्य सरकार और शिक्षा मंत्री से मांग की कि शिक्षकों के अवकाश में कटौती करने के प्रस्ताव को तुरंत वापस लिया जाए और पूर्व की तरह 45 दिन का ग्रीष्मकालीन अवकाश यथावत रखा जाए। यदि सरकार इस निर्णय को वापस नहीं लेती है तो प्रदेशभर के शिक्षक आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## होली के सतरंगी रंग आपसी भाईचारे का प्रतीक-ओमकार वर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** जोधपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी का होली स्नेह मिलन धूमधाम के साथ वरिष्ठ कांग्रेस जनों की उपस्थिति में मोटर मर्चेंट एसोसिएशन हॉल में मनाया गया ।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओंकार वर्मा की अध्यक्षता में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया स्नेह मिलन समारोह में पूर्व ब्लाक अध्यक्ष हाउसिंग बोर्ड प्रीतम शर्मा ने अपनी फाग मंडली के साथ पारंपरिक होली गीतों की शलील गायकी की बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी । आज बिरज में होली रे रसिया पर वहां उपस्थित तमाम कांग्रेसजनो को झुमने पर मजबूर कर दिया उसके बाद डॉ.अनीता परिहार ने पारंपरिक होली गीतों का प्रस्तुतिकरण कर समां बांध दिया ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने अपनी प्रस्तुति से सबको झूमने पर मजबूर कर दिया खेमराज नवल ने कालूराम प्रजापति के प्रसिद्ध गीत ब्याव बीनणी बिल्खु मैं तो को गाकर समा बांध दिया होली के इस पारंपरिक त्योहार पर उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए ।

# आक्रमण इसलिए चल रहे हैं क्योंकि हम सोए और बंटे हुए हैं: संघ प्रमुख

बढ़ता राजस्थान



**जैसलमेर (नि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार राजस्थान की स्वर्ण नगरी जैसलमेर में सद्भावना और एकता की बात पर जोर देते हुए कहा कि समय बड़ा कठिन है । आक्रमण भी इसलिए चल रहे हैं क्योंकि हम सोए और बंटे हुए हैं । ऐसी परिस्थितियों के बीच उन्होंने कुटुम्ब मित्र बनाने का आह्वान किया। उन्होंने उदाहरण देकर अपनी बात को समझाते हुए आगे कहा कि विविधताओं के बावजूद हमें एकता के भाव को बनाए रखना चाहिए। परमात्मा एक है और सभी प्राणियों के मूल में चेतना ही विद्यमान है। जब हम विविधता को अलगाव की दृष्टि से देखने लगते हैं, तब मतभेद पैदा होते हैं। इसलिए विविधता को स्वीकार करते हुए भी अपनी एकता को नहीं भूलना चाहिए। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत यहां जैसलमेर में चार दिवसीय चादर महोत्सव में शिकरत करने पहुचे थे, जहां उन्होंने भारतीय संस्कृति , विविधता में एकता और जैन दर्शन अनेकांतवाद ' पर सभा को संबोधित किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा- हम सभी भेद और स्वार्थ को तिलांजली दे और देश के लिए जीने - मरने को उतारू हो जाए तो हमारा समाज अच्छा बनेगा , कलह और भेद खत्म हो जाएंगे तो भारत विश्वगुरु बनकर एक सुखी - सुंदर दुनिया को जन्म देगा ।संघ प्रमुख ने समाज में एकता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत में श्रवण और ब्राह्मण परंपराओं से ज्ञान की दो अलग - अलग धाराएं चलीं , लेकिन सबका उद्देश्य एक ही है। उन्होंने कहा कि हम सभी मूल रूप से समान हैं क्योंकि परमात्मा एक ही है , क्योंकि जब समाज में अनेकता का आभास होने लगता है , तो अलगाव की स्थिति पैदा होने में देर नहीं लगती । इसलिए हमें सदैव एकता पर ही ध्यान रखना चाहिए क्योंकि हमें विविधता में ही एकता का वास होता है। वहीं जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी महाराज ने सभा में कहा कि जैनों को हिंदुओं अलग समझने का प्रयास नहीं होना चाहिए । हम हिंदुस्तान में रहने वालेँ और यहां रहने वाले का पहला धर्म हिंदू हैं । जैन धर्म परमात्मा महावीर की शिक्षाओं को आगे बढ़ाने का उपदेश है । कार्यक्रम के दौरान मोहन भागवत ने दादा गुरुदेव की स्मृति में स्मारक सिक्का और डाक टिकट का लोकार्पण तथा 'दादा गुरुदेव' पुस्तक का विमोचन किया। इससे पूर्व डॉ. मोहन भागवत जैसलमेर के ऐतिहासिक सोनार दुर्ग स्थित देशहरा चौक पार्श्वनाथ जैन मंदिर पहूँचे। जहां मंदिर के मूल गर्भग्रह पहुँचे और वहाँ श्री पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

# स्वच्छ राजनीति के सुचिता के प्रतिक राजनेता है नीतीश कुमार - डॉ सतीश पूनिया



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** सरकार देश की राजनीति में एक धवल और स्वच्छ राजनीति के सुचिता के प्रतिक राजनेता है नीतीश कुमार । उनमें मे एक खूबी है उनकी कि जब देश को स्थायित्व की जरूरत थी तो अटल बिहारी वाजपेयी के साथ और अब जब देश को लोकतंत्र की अक्षुणिता के लिए और एक वैचारिक दृढ़ता के लिए जब जरूरत थी तो मोदी के साथ खड़े रहे, बिहार की राजनीति नहीं देश की राजनीति में उन्होंने एक उदाहरण पेश किया है, स्वाभाविक तौर पर जैसा उन्होंने कहा और देश में बिरले लोग हैं जो सारे सदनों के सदस्य रहे हैं वो उस सदन में जाएँगे और एक बार फिर से बिहार की आवाज को मुखर करेंगे । उन्होंने नीतीश कुमार का राज्यसभा में जाने का स्वागत करते हुए उसे बिहार के लिए उज्जवल कदम बताया है। सतीश पूनिया जोधपुर में थे जहां एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कई विषयों पर अपने विचार रखे। जोधपुर एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया।

वही पश्चिम बंगाल में चुनाव को लेकर पुनिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता के खिलाफ अंडर करंट है और इस बार वैचारिक मुद्दों पर भी और बुनियादी मुद्दों पर भी बंगाल की जनता और निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी को एनडीए को सरकार बनेगी । वही राजस्थान में पंचायती चुनाव से जुड़े इस सवाल पर पुनिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो इस प्रदेश को दिया उसी तकलीफों को हम लोग झेल रहे हैं । भारतीय जनता पार्टी की भजन लाल सरकार तो उनकी कमियों को दुरुस्त करके और पंचायती राज को मजबूत करना चाहती है ।

# जब बुलेट ही नहीं निकाल पाए तो कैसे सर्जन और कैसा ईलाज:खान

## महेश गुर्जर को लगी गोली को नहीं निकाल पाए निम्स के सर्जन! बानसूर में निकाली गईं एक बुलेट

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के हरसौरा थाना क्षेत्र के गाँव मुगलपुर निवासी महेश गुर्जर की गोली लगने के एक दिन बाद ईलाज के दौरान मौत हो गई ।जिसकी चर्चा गुरुवार को जोरों पर रही। हमने हरसौरा थानाधिकारी जनमेजा राम से दूरभाष पर संपर्क किया तो उन्होंने महेश गुर्जर की मौत की पुष्टि नहीं की। मृतक के भाई दीपक ने पुरानी रंजिश को लेकर महेश गुर्जर की हत्या का कारण बताया है। दीपक ने रोते हुए बताया कि गोली मारने वाले से महेश गुर्जर की पुरानी दुश्मनी थी उसका कारण था। गोली मारने वाला महेश गुर्जर का नाम लेकर लोगों को धमकाता था इसी बात को लेकर महेश गुर्जर ने चेतन उफर्. कालू उफर्.काली को धमकाया कि मेरे नाम से आप ऐसा क्यों कर रहे हो ।जिसके कारण ही मेरे भाई को दूरभाष पर संपर्क कर शराब ठेके पर बुलाया गया और उसकी गोली मारकर घायल कर दिया गया। जिसकी निम्स अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गईं ।वहीं पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है और अन्तिम संस्कार करवा दिया है। थानाधिकारी जनमेजा राम ने बताया कि मृतक के भाई दीपक गुर्जर द्वारा दी गईं रिपोर्ट को दर्ज कर लिया गया है और हरसौरा थाना पुलिस अनुसन्धान के साथ आरोपी की तलाश में जुट गईं है।

# शिक्षक संगठनों की बैठक में शिक्षक संघ राधाकृष्णन ने शिक्षक हितों के लिए उठाई विभिन्न मांग

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** शुक्रवार को शिक्षा संकुल में आयोजित शिक्षक संगठनों की बैठक में शिक्षक संगठन राधाकृष्णन ने शिक्षकों हितों के लिए शिक्षामंत्री व शिक्षा सचिव के समक्ष अनेक मांग रखीं। बैठक में शिक्षक संघ राधाकृष्णन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील नागर एवं प्रदेश महामंत्री अमिताभ सनाढ्य उपस्थित रहे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजय सोनी से विचार विमर्श कर मांग पत्र शिक्षामंत्री के नाम शिक्षा सचिव को सौंपा। संगठन द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में स्थानान्तरण नीति-सरकार अपने घोषणा पत्र पर अमल करते हुए अगले सत्र में प्रतिबद्धता के साथ स्थानान्तरण नीति लागू करे और सभी केडर के स्थानान्तरण नीति के तहत ही करे। शिक्षा विभागीय कलेंडर की एकरूपता कायम करे। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर से ओर शिक्षा निदेशक बीकानेर से विभाग को निर्देश प्रदान करते है। एक ही विभाग होने के बावजुद दोनों में कई बार टकराव की स्थिति बन जाती है और फिर ऐनवक्त पर संशोधन जारी करने पड़ते है। एसएनए मद की राशि शैक्षणिक सत्र के शुरुआत में ही जारी की जाए अगले शैक्षणिक सत्र में इसका कड़ाई से पालन हो ताकि राशि का समुचित ओर प्राथमिकता के साथ उपयोग हो सके। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत 1 अप्रेल से केवल कागजों में नही होकर जमीन पर परिलक्षित हो।अनावश्यक कागजी कार्यवाही के बजाय 1 अप्रेल से ही पढ़ाई पर ध्यान दिया जाए।

नए शैक्षणिक सत्र में सुनिश्चित किया जाए। आरटीआई के तहत निर्धारित कार्यदिवस पूरे किए जाए। ब्लॉक जिला स्तर के कार्यालयों को एकीकृत किया जाए जिससे एक ही छत के नीचे सभी समस्याओं का निराकरण हो सके।

## शिव परिवार मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समापन पर हुआ भंडारे का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र के गांव भाकरी में रामचंद्र बाबूजी के निवास स्थान पर स्थित मंदिर में शुक्रवार को शिव परिवार की मूर्तियों की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस पावन अवसर पर पूरे गांव में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय माहौल बना रहा। रामचंद्र बाबूजी सैतान भाकरी ने बताया मूर्ति स्थापना का बालकदास महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन कर आहुतियां दी गईं और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इसके उपरांत सुंदरकांड का पाठ हुआ। जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिरस में डूब गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे और कन्या भोज का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर बालकदास महाराज रामचंद्र बाबूजी सीताराम प्रधान बसवा, रामकृपाल अध्यक्ष मीन भगवान मंदिर दुब्बी भजेडा, लोकेश कांति, सीमा सुरेन्द्र, जयराम, लालाराम, कमलेश, भोलाराम, बनवारी, भरतलाल, अशोक, यशवंत भगत, सुनील भाकरी, सुशील मीना, सैंतान भाकरी, कौशल, अमित, मोहित, अनुज राजगढ़ पंचायत समिति के सरपंच, श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारी, सर्व समाज हैल्प टीम समिति के सदस्य आदि मौजूद रहे।

# राज्य मंत्री डॉ. बाघमार ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर/कोटपूतली-बहरोड़/जयपुर।** राज्य मंत्री, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला अधिकारिता एवं बाल विकास विभाग तथा बाल अधिकारिता विभाग डॉ. मंजू बाघमार ने शुक्रवार को मांढण तहसील के काठूवास पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया। राज्य मंत्री डॉ. बाघमार ने जूली के निवास पर पहुंचकर उनकी माताजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल देने की शक्ति दें। इस दौरान विधायक प्रियंका चौधरी, दीप्ति किरण माहेश्वरी,अनीता भदेल,राजेंद्र सिंह राठौड़ पूर्व नेता प्रतिपक्ष,अरुण चतुर्वेदी राजस्थान वित्त आयोग अध्यक्ष,डॉ जितेंद्र सिंह,मोहन लाल आर्य,धर्मपाल सांगवान,प्रहलाद गुंजल,पदमाराम मेघवाल,रेवंत राम ,धीरज गुर्जर,रविप्रकाश मेहरड़ा रिटायर्ड डीजीपी,राजाराम मील, बाड़मेर अध्यक्ष लक्ष्मण गोदारा, योगेश मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष,फतेह खान पूर्व जिला अध्यक्ष, महेंद्र चौधरी नावा,दिनेश सूपा जिला अध्यक्ष,जगदीश श्रीमाली इंटक प्रदेश अध्यक्ष,हरेंद्र मिर्धा मिला, यशपाल गहलोत, पूर्व जिला अध्यक्ष, करण सिंह उचियारड़ा जोधपुर लोक सभा प्रत्याशी, सुशीला रामेश्वर डूडी, चेतन डूडी, राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष डीग, मदन मेघवाल जिला अध्यक्ष बीकानेर शहर, बिशनाराम सिहाग जिला अध्यक्ष बीकानेर देहात,निर्मला सहारिया , आर सी चौधरी,अर्चना शर्मा, रूपेंद्र सिंह, विकास चौधरी,किशोर चौधरी अध्यक्ष ब्यावर,जितेंद्र गोठवाल,वीरेंद्र चौधरी,रामनारायण मीणा, सीएल प्रेमी, सोहन लाल नायक,राखी गौतम जिला अध्यक्ष कोटा शहर,सुरेश गुर्जर,जेठानंद व्यास,बहादुर सिंह कोली,विश्वनाथ मेघवाल,अंशुमन भाटी,गोविंद राम मेघवाल पूर्व मंत्री,महेंद्र गहलोत,महावीर सिंह राजपुरोहित,शंकर सिंह रावत समाजसेवी एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

**बाबा गिरधारी दास गौशाला,में मनाया गया सैनी का जन्मदिन,गणमान्य लोग रहे मौजूद**

# क्षेत्र के लोगों का आशीर्वाद पाकर हुआ मैं गदगद-सैनी

बढ़ता राजस्थान




**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र में एक भव्य आयोजन हुआ। जिसमें समाजसेवी ठेकेदार और भाजपा नेता निरंजन लाल सैनी का 50वाँ जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।सर्वसमाज और सर्वदलिए नेताओं सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सैनी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस मौके परसमाजसेवी ठेकेदार निरंजन लाल सैनी ने कहा कि मैं क्षेत्र के लोगों का आशीर्वाद पाकर गदगद हो गया हूँ। अब मेरा जीवन सार्थक है कि मैं किसी अच्छे लक्ष्य को लेकर चल रहा हूँ। इस अवसर पर गौमाताओं की सवामणी की गईं और उनकी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। इस मौके पर सर्वसमाज के अध्यक्षों,व्यापार मण्डल के अध्यक्षों, संयुक्त व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सहित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों का माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया। वहीं उपस्थित लोगों ने समाजसेवी ठेकेदार निरंजन लाल सैनी का माला साफा पहनाकर,सॉल ओढ़ाकर व केक काटकर जन्मदिन मनाया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगी महेन्द्र नाथ रहे तो अध्यक्षता व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रोशनलाल सैनी ने की। इस मौके पर मातृशक्ति का गुलदस्ता भेंट कर सैनी ने आभार जताया।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ शशिकांत बोहरा,जयप्रकाश शर्मा,पूर्व पार्षद डॉ नरेश सैन, रोशनलाल सैनी,भूपसिंह सुरेला,हंसराज गुर्जर,दिनेश सिंघल, महेश कटारिया, राजेश बंटी सिंगल, संदीप चौधरी, विप्र समाज के अध्यक्ष एडवोकेट विकास जोशी, बाल्मीकि समाज के नेता बबलू वाल्मीकि,आईटी सैल भाजपा के पूर्व जिला प्रमुख विजय कुमावत,एडवोकेट संकेत लाटा, किशन लाल गुरुजी, हेमलता सिसोदिया, नीलम जैन, नीलम त्रिपाठी, राखी गुप्ता, मंजू शर्मा, नीतू सोनी महेश प्रधान,दुलीचंद सोलंकी सहित काफ़ी संख्या में विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल रहे।

# हाईकोर्ट ने कहा- कोर्ट को पोस्ट ऑफिस समझ रखा है

## भरतपुर कलेक्टर-एसपी को फटकार लगाई, कहा- पैरोल के मामलों में दिमाग क्यों नहीं लगाते

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने भरतपुर कलेक्टर और एसपी को फटकार लगाते हुए कहा- आप लोगों ने कोर्ट को पोस्ट ऑफिस समझ रखा है। कोर्ट ने कहा- आप लोगों के रवैये के कारण अदालतों में पैरोल के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसके कारण हम जरूरी मामलों की सुनवाई नहीं कर पाते हैं।

बिना किसी ठोस कारण के सजायाफ्ता कैदी की पैरोल खारिज करने को लेकर शुक्रवार को जस्टिस महेंद्र गोयल और जस्टिस भुवन गोयल की बेंच ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- इस तरह के मामलों में आप अपना माइंड अप्लाई (दिमाग लगाना) क्यों नहीं करते हैं।

दरअसल भरतपुर सेंट्रल जेल में बंद कैदी अनिल कपूर उर्फ अलियास रिंकू की याचिका पर हाईकोर्ट सुनवाई कर रही है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई पर भरतपुर कलेक्टर, एसपी, डीजीपी और एसीएस होम को तलब किया था। इस पर भरतपुर कलेक्टर और एसपी कोर्ट में पेश हुए। कलेक्टर ने कोर्ट को बताया कि कैदी की 20 दिन की पैरोल मंजूर कर ली गई है। वहीं एसीएस होम और डीजीपी ने विधानसभा सत्र में व्यस्त होने के कारण उपस्थिति से छूट चाही। इसे कोर्ट ने मंजूर करते हुए 16 मार्च को अगली सुनवाई तय की है।

**हेड कॉन्स्टेबल की रिपोर्ट पर विश्वास किया, अपना माइंड इस्तेमाल नहीं किया**-कोर्ट ने सुनवाई करते हुए भरतपुर कलेक्टर और एसपी को कहा- मामले में याचिकाकर्ता कैदी 12 साल की सजा काट चुका है। वह पिछले 4 साल से ओपन जेल में है। एक हेड कॉन्स्टेबल स्तर के पुलिसकर्मी की रिपोर्ट पर आपने विश्वास कर लिया कि वह फरार हो सकता है।

# जयपुर एयरपोर्ट से खाड़ी देशों की 5 उड़ानें रद्द

## अबू-धाबी, शारजाह और दुबई जाने वाले पैसेंजर्स 7 दिन से परेशान; मिडिल ईस्ट युद्ध का असर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से खाड़ी देशों के लिए उड़ान भरने वाले पैसेंजर्स को पिछले एक सप्ताह से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मस्कट, अबू-धाबी, शारजाह और दुबई जाने वाली करीब 4 फ्लाइट शुक्रवार को भी कैंसिल होने से सैकड़ों पैसेंजर्स एयरपोर्ट पर भटकते नजर आ रहे हैं। ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण पिछले सात दिनों से इंटरनेशनल फ्लाइट शेड्यूल पर भी असर देखने को मिल रहा है। फ्लाइट रद्द होने से पैसेंजर्स की यात्रा योजनाएं प्रभावित हो गई हैं और कई लोग वैकल्पिक व्यवस्था के लिए एयरलाइंस और ट्रैवल एजेंसियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

**जयपुर से संचालित होने वाली खाड़ी देशों की फ्लाइट्स पर भी असर**-एयरलाइंस कंपनियों के मुताबिक, ईरान- इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण कई देशों के एयरस्पेस पर असर पड़ा है। ऐसे में सुरक्षा कारणों और रूट डायवर्जन की स्थिति को देखते हुए एयरलाइंस ने एहतियातन कई फ्लाइट्स को कैंसिल या फिर रीशेड्यूल किया है। इसका सीधा असर जयपुर से संचालित होने वाली खाड़ी देशों की फ्लाइट्स पर भी देखने को मिल रहा है।

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फ्लाइट्स कैंसिल होने से खाड़ी देशों में काम करने वाले प्रवासी भारतीयों और अन्य पैसेंजर्स को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई पैसेंजर्स की कनेक्टिंग फ्लाइट्स ट्रैवल प्लान प्रभावित हुए हैं।

# राजस्थान में अप्रैल में 60 से अधिक ट्रेनें प्रभावित रहेंगी

## चूरू-सादुलपुर सेक्शन पर डबल लाइन का काम; 29 का बदला रूट, जानिए पूरी डिटेल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे से चलने वाली 60 से ज्यादा ट्रेनें 14 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच प्रभावित रहेंगी। बीकानेर मंडल में चूरू से सादुलपुर के बीच डबल लाइन का काम किया जा रहा है। दुधवाखारा, हड़याल, डोकवा और सादुलपुर स्टेशनों के बीच यह काम होगा। इस कारण इस रूट से गुजरने वाली कई ट्रेनों को रद्द, आंशिक रद्द, मार्ग परिवर्तित और रीशेड्यूल किया गया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया- बीकानेर मंडल में चूरू से सादुलपुर के बीच डबल लाइन का काम किया जा रहा है। दुधवाखारा, हड़याल, डोकवा और सादुलपुर स्टेशनों के बीच यह काम होगा। इसके लिए रेलवे को ऑटोमेटिक सिग्नलिंग ब्लॉक लेना पड़ेगा, जिसके कारण इस रूट पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

इस अवधि में 14 ट्रेनों को पूरी तरह रद्द किया गया है। वहीं 22 ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द रहेंगी। इसके अलावा 29 ट्रेनें बदले हुए रूट से चलाई जाएंगी और 2 ट्रेनों का समय बदला गया है।



# जयपुर में नमाज के दौरान मस्जिद की दीवार गिरी

## मलबे में 19 लोग दबे, 8 की हालत गंभीर, मस्जिद के अंदर 1000 लोग मौजूद थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में नमाज के दौरान मस्जिद की दीवार गिरने से 19 लोग मलबे में दब गए। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बचाव कार्य शुरू किया। सभी को मलबे से बाहर निकाला। घायलों को कांवटिया अस्पताल ले जाया गया। घटना के समय मस्जिद में करीब 1000 लोग मौजूद थे। हादसा भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र के फिरदौस मस्जिद में दोपहर करीब 2.30 बजे हुआ। गंभीर रूप से घायल 11 लोगों को एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। इनमें रुस्तम (40), ईशान (3), खुर्शीद (25), सुहैल (25), इमाम जफर (20) और इकबाल (18) व 5 अन्य लोग शामिल हैं। पानीपेंच निवासी घायल कन्या (18) ने बताया- मैं मस्जिद के बाहर बैठी थी। अंदर बड़ी संख्या में लोग नमाज पढ़ रहे थे, तभी अचानक ऊपर से दीवार गिर गई। हादसे में मेरी पीठ और कमर में चोट आई है।

# कर्नाटक बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर बैन लगाएगा

## ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य, पैरेंट्स की परमिशन जरूरी; आंध्र में भी तैयारी

बढ़ता राजस्थान



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने का ऐलान किया। कर्नाटक ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है। सीएम सिद्धारमैया ने बजट भाषण के दौरान कहा कि बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उन पर गलत असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, इस बैन को किस तरह लागू किया जाएगा, इसकी तैयारी चल रही है और जल्द ही नियम बनाए जाएंगे। वहीं आंध्र प्रदेश सरकार भी 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी।

### कॉलेज-विश्वविद्यालय में नशे पर सख्ती होगी

सिद्धारमैया ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय बच्चों के स्वास्थ्य, उनके व्यक्तित्व और उनके भविष्य को बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार शैक्षणिक संस्थानों में नशे की समस्या को रोकने के लिए कदम उठाएगी।

इसके लिए स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही सख्त नियम लागू किए जाएंगे ताकि छात्र नशे से दूर रहें। छात्रों की मदद के लिए सहायता और काउंसलिंग केंद्र भी बनाए जाएंगे, जहां वे अपनी समस्याएं खुलकर बता सकें।

# प्राकृतिक खेती और केमिकल-फ्री उत्पाद वैश्विक बाजारों तक पहुंचने का बन सकते हैं हाईवे : पीएम मोदी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण ऑर्गेनिक और केमिकल-फ्री खाद्य उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है और भारत को इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर कृषि उत्पादों को निर्यात उन्मुख बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन विषय पर आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर ऑर्गेनिक डाइट, ऑर्गेनिक फूड और समग्र स्वास्थ्य देखभाल के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। ऐसे में भारत के किसानों के लिए प्राकृतिक खेती और केमिकल-फ्री उत्पाद वैश्विक बाजारों तक पहुंचने का एक हाईवे बन सकते हैं।

### प्रमाणन, प्रयोगशालाओं और आवश्यक ढांचे के विकास पर सरकार कर रही विचार

सरकार इसके लिए प्रमाणन, प्रयोगशालाओं और आवश्यक ढांचे के विकास पर विचार कर रही है, लेकिन इस दिशा में सभी संबंधित पक्षों को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि केवल एक फसल पर निर्भर रहने से किसानों के लिए जोखिम बढ़ जाता है और आय के विकल्प सीमित हो जाते हैं। इसी कारण सरकार फसल विविधीकरण पर विशेष जोर दे रही है। खाने के तेल और दालों के लिए राष्ट्रीय मिशन तथा प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन जैसे प्रयास कृषि क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# प्रदेश में ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत सुचारू पेयजल व्यवस्था बनाने के निर्देश

## जिलों में नियमित पेयजल आपूर्ति के लिए कलेक्टर्स को दिए विशेष निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में वीसी के माध्यम से ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत सुचारू पेयजल व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने इस दौरान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च), सिविल सेवा दिवस-2026 (21 अप्रेल) से सम्बंधित आयोजनों के बारे में भी अधिकारियों से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने प्रदेश में आगामी गर्मी के मौसम में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किए गए पर्याप्त इंतजाम की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर 181 पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए और अवैध कनेक्शनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जिला कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारी साप्ताहिक समीक्षा बैठकों और फील्ड विजिट के माध्यम से जलापूर्ति व्यवस्था की निरंतर निगरानी करें ताकि आमजन को राहत मिल सके।

बैठक में बताया कि ग्रीष्मकाल में पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए प्रत्येक जिले को 1 करोड़ रूपये का बजट स्वीकृत किया गया है। हैंडपंप मरम्मत अभियान के लिए वाहन एवं लेबर की व्यवस्था आगामी 10 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जल परिवहन की दरों का निर्धारण और आकस्मिक कार्यों के सभी वर्क ऑर्डर आगामी 15 मार्च तक अनिवार्य रूप से जारी किए जाएंगे। इस के साथ ही जल जीवन मिशन की योजनाओं को सुचारू रखने और बंद योजनाओं को पुनः चालू करने के लिए जिला कलेक्टर को मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। टैंकरों से जलापूर्ति पेयजल संकट वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से टैंकरों द्वारा जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

**8 मार्च को जोर शोर से मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**- मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बैठक में 8 मार्च को मनाए जा रहे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की तैयारियों को जायजा लिया। प्रमुख शासन सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग श्री भवानी सिंह देथा ने इस अवसर पर जिलेवार होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पेश की । मुख्य सचिव ने आधिकारियों से कहा कि बजट में सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण और आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो योजनाएं धरातल पर उतारी हैं उसके बारे में महिलाओं को जानकारी होना जरूरी है । इस दिवस का उपयोग हम इन योजनाओं के प्रचार-प्रसार के रूप में कर सकते हैं।

# राजस्थान में अगले दो सप्ताह हीटवेव की संभावना

## पारा 35 डिग्री से ऊपर पहुंचा; भीलवाड़ा, कोटा समेत कई शहरों में गर्मी बढ़ी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में गर्मी लगातार तेज हो रही है। राज्य के 15 से ज्यादा शहरों का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। भीलवाड़ा, अलवर, पिलानी, कोटा समेत अन्य शहरों के दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले दो सप्ताह का पूर्वानुमान जारी करते हुए तापमान बढ़ने से गर्मी तेज होने और कुछ हिस्सों में हीटवेव चलने का अनुमान जताया है। साथ ही अगले एक सप्ताह में मौसम बिल्कुल साफ रहने की संभावना जताई है।

पिछले 24 घंटे में आसमान साफ रहा। राज्य में सुबह से तेज धूप रहने के साथ दिनभर तेज गर्मी रही।



उदयपुर, श्रीगंगानगर, पिलानी, फलोदी, कोटा, जोधपुर, जैसलमेर, चूरू, चित्तौड़गढ़, बीकानेर, बाड़मेर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। बीकानेर, हनुमानगढ़, जयपुर, जालौर, जोधपुर और फलोदी को छोड़कर शेष सभी स्थानों पर न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

# असम में वायुसेना का सुखोई फाइटर जेट क्रैश

## दोनों पायलट की मौत, इनमें एक ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थे; जोरहाट से 60 किमी दूर हादसा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में ट्रेनिंग के दौरान रडार से गायब हुआ भारतीय वायु सेना का सुखोई एसयू-30एमके आई फाइटर जेट क्रैश हो गया है। हादसे में दोनों पायलट स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर की भी मौत हो गई है। पूर्वेश ऑपरेशन सिंदूर का भी हिस्सा थे।

वायु सेना ने गुरुवार देर रात 1 बजकर 9 मिनट पर क्रैश की पुष्टि की थी। शुक्रवार सुबह 9.14 पर एक और पोस्ट में दोनों पायलट की मौत की जानकारी दी। विमान ने जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरी थी और शाम करीब 7:42 बजे रडार संपर्क टूट गया था।

जब ये हादसा हुआ तब फाइटर जेट नियमित उड़ान पर था। वायु सेना के मुताबिक रडार से संपर्क समाप्त होने के बाद वायु सेना ने तुरंत अलर्ट जारी करते हुए घटना की जांच के लिए टीम को असम रवाना किया। फिलहाल विमान की सटीक स्थिति और संपर्क टूटने की वजह का पता लगाया जा रहा है।

### 10 दिन पहले घर आए थे फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश

नागपुर के न्यू सुबेदार लेआउट में रहने वाले फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर के पिता रविंद्र दुरागकर ने बताया कि उनका बेटा देश सेवा के लिए पूरी तरह समर्पित अधिकारी था। यूनिट के ग्रुप कैप्टन ने फोन कर उन्हें हादसे की जानकारी दी।

रविंद्र ने बताया कि तेजपुर में रनवे से जुड़े काम के कारण पूर्वेश की पोस्टिंग फिलहाल जोरहाट में थी। वे अक्सर अपने काम के बारे में परिवार से बात करते थे और हमेशा अपने कर्तव्य को पूरी ईमानदारी से निभाने की कोशिश करते थे। पूर्वेश के पड़ोसी ने बताया कि अपने माता-पिता और अमेरिका में रहने वाली बहन को पीछे छोड़ गए हैं। पूर्वेश और उनकी बहन करीब 10 दिन पहले परिवार के एक कार्यक्रम के लिए घर आए थे।



### मल्टीरोल फाइटर जेट है सुखोई

**सुखोई सू-30एमकेआई भारतीय वायुसेना के सबसे उन्नत और ताकतवर लड़ाकू विमानों में से एक माना जाता है। यह दो इंजन वाला मल्टीरोल फाइटर जेट है, जिसका इस्तेमाल वायु रक्षा, लंबी दूरी की स्ट्राइक और निगरानी जैसे महत्वपूर्ण मिशनों में किया जाता है।**

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888, प्रधान कार्यालय : 185/ 116 " प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं. 0141-2796794,2796795, ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)